www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–256 । सागर, बुधवार 5 नवम्बर 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

ओवरब्रिज के नीचे से मुसाफिरों का निकलना दूभर, हादसों की आशंका — पृष्ठ 2

▸ आसान नहीं बिहार का मैदान भाजपा के लिए
▸ तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार — पृष्ठ 4

▸ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता, मामले में जांच के आदेश — पृष्ठ 6

जनसुनवाई में पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंचे जनपद सदस्य — पृष्ठ 8

# बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन-मालगाड़ी भिड़ी, 10 की मौत

## ओएचई और सिग्नल सिस्टम को नुकसान, कटनी रेल लाइन ठप



**बिलासपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार आमने-सामने की टक्कर हुई जिसमें समाचार लिखे जाने तक 10 लोगों की मौत की खबर है। कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसा बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के लाल खदान इलाके में हुआ।

सूचना मिलते ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एक मासूम को भी रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीमों ने कई यात्रियों को सुरक्षित निकाला है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों का ट्रेन अंदर ही इलाज चल रहा है। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा है। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है. कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। वहीं एसपी रजनेश सिंह, कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे हैं। बिलासपुर में कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। तकनीकी टीमें मरम्मत और ट्रैक क्लीयरेंस का काम कर रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है। वहीं अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि टक्कर कैसे हुई। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक संभावना है कि सिग्नलिंग सिस्टम की गड़बड़ी या मानवीय त्रुटि के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

### महिला आरक्षित बोगी को सबसे ज्यादा नुकसान

हादसे में कोरबा पैसेंजर ट्रेन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। महिला आरक्षित बोगी से महिलाओं को निकाला जा रहा है. नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 10 से अधिक लोगों की खबर है।

## सार-समाचार

### हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद का निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का 85 वर्ष वर्ष की आयु में लंदन के अस्पताल में निधन हो गया है। ब्रिटिश हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य रामी रेंजर ने एक बयान जारी कर उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की। गोपीचंद पी हिंदुजा मई 2023 में संभाली थी ग्रुप के अध्यक्ष पद की कमान। गोपींचद का ताल्लुक हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से था और मई 2023 में उन्होंने ग्रुप के अध्यक्ष पद की कमान तब संभाली थी, जब उनके बड़े भाई श्रीचंद का निधन हुआ था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, बेटे संजय और धीरज व बेटी रीता हैं।

### बॉम्बे हाईकोर्ट से 2011 मुंबई बम ब्लास्ट के आरोपी को जमानत

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2011 के मुंबई ट्रिपल बम ब्लास्ट मामले के एक 65 वर्षीय आरोपी कफील अहमद मोहम्मद अयूब को जमानत दे दी। इन धमाकों में 27 लोगों की मौत हुई थी और 120 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और आरआर भोसले की खंडपीठ ने अयूब को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की। अदालत का विस्तृत आदेश अभी आना बाकी है। 13 साल से मुंबई सेंट्रल जेल में बंद है आरोपी जानकारी के मुताबिक आरोपी मोहम्मद अयूब, जो बिहार का रहने वाला है, फरवरी 2012 में गिरफ्तार किया गया था और तब से मुंबई सेंट्रल जेल में बंद है।

### पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। परिवार ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि डिक चेनी का निधन निमोनिया और दिल से जुड़ी बीमारी की वह से हुआ। चेनी 2001 से 2009 तक राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में पद पर रहे। उन्हें अमेरिका का सबसे ताकतवर उपराष्ट्रपति कहा जाता था। उन्होंने ही दावा किया था कि इराक के पास घातक हथियार हैं। उनकी सलाह पर ही राष्ट्रपति बुश ने इराक पर हमला करने का आदेश दिया है।

### छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 4-5 नवंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। यह पदभार ग्रहण करने के बाद उनका राज्य का पहला दौरा होगा। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन नवा रायपुर और राजनंदगांव में आयोजित कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित रजत महोत्सव समारोह भी शामिल है। केरल और तमिलनाडु के दौरे के बाद उपराष्ट्रपति मंगलवार की शाम को रायपुर पहुंचेंगे।

### मंदिर की मरम्मत के दौरान मजदूरों को मिला खजाना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में इतिहास से जुड़ी एक बड़ी खोज हुई है। सोमवार को जलादी पाहाड़ियों के पास स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में मरम्मत कार्य के दौरान मजदूरों को मिट्टी के बर्तन में छिपे 103 प्राचीन सोने के सिक्के मिले। यह मंदिर कोविलूर गांव में स्थित है और इसकी पहचान चोल वंश के काल से जुड़ी मानी जा रही है। पुलिस ने बताया कि सिक्कों की बरामदगी के बाद मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### महिला पर्यटक उत्पीड़न मामला, आरोपी टैक्सी चालकों का लाइसेंस होगा रद्द

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** मुन्नार घुमने आई मुंबई की असिस्टेंट प्रोफेसर को परेशान करने वाले तीनों टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ केरल सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। तत्काल प्रभाव से तीनों आरोपियों के लाइसेंस को रद्द किया जा रहा है। पीड़ित महिला जान्हवी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें मुन्नार में जैसा उनके साथ व्यवहार किया गया इसका पूरा ब्योरा था। इस पोस्ट को देख लोगों ने केरल सरकार और टूरिस्ट सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को हिरासत में लिया।

## बाराबंकी में हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 6 की जान गई

### कार काटकर निकाले गए शव

**बाराबंकी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार 3 नवम्बर की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। यह बिशुनपुर कस्बे के पास देवा-फतेहपुर मार्ग पर हुआ। पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक ने बिना नंबर प्लेट वाली मारुति अर्टिगा कार को टक्कर मार दी, जिससे कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया और पीड़ितों को संभलने का भी समय नहीं मिला। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की पुष्टि की। उन्होंने बताया, रात करीब 10 बजे देवा थाना क्षेत्र के देवा-फतेहपुर मार्ग पर एक ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। कार में आठ लोग सवार थे और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से छह - पांच पुरुष और एक महिला - की मौके पर ही मौत हो गई, जिसमें चालक भी शामिल था। बाकी दो घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## इंदौर में 13 नवंबर को होगी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव

# तकनीकी नवाचार और निवेश का होगा ऐतिहासिक संगम

### मुख्यमंत्री करेंगे उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0, प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनायेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जायेगी।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया रखी गई है। कॉन्क्लेव 2.0 का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है। कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं।' टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0% नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा। कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री ने बिहार में चुनावी सभाओं को किया संबोधिता, बोले-

# बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने एनडीए प्रत्याशियों को जिताएं



**पटना/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया और भारत का मान-सम्मान वैश्विक स्तर में बढ़ाने का कार्य किया है। आप सभी लोगों का अपना स्नेह, प्यार, आशीर्वाद और समर्थन बता रहा है कि आप सभी लोगों ने बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने का निर्णय ले चुके हैं। डॉ. यादव आज बिहार के पटना जिले की बांकीपुर और मनेर विधानसभा में रोड शो कर मधेपुरा जिले के मधेपुरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवारवादी ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

# बिहार में पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

### कल पहले चरण मतदान, सभी दलों ने झोंकी ताकत

### 121 विधानसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली/पटना, (एजेंसियां)।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। 6 नवम्बर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। अंतिम दिन बिहार की सभी पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी डोर टू डोर करेंगे चुनाव प्रचार। 6 नवम्बर को हाने वाले मतदान में 3.75 करोड़ मतदाता करेंगे इस चरण में 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला।

### महाराष्ट्र में 3 चरणों में होंगे निकाय चुनाव

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में निकाय चुनाव कर ऐलान कर दिया गया है। यह चुनाव 3 चरणों में होंगे। राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी 2026 से पहले स्थानीय निकाय चुनाव कराने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में राज्य में 246 नगर परिषद और 42 नगर पंचायतों के लिए चुनाव होंगे। पहले चरण में राज्य की 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव होंगे। जिसकी प्रक्रिया लगभग 21 दिनों की होगी। 2 दिसम्बर को चुनाव होंगे और 3 दिसम्बर को नतीजे आएंगे।

## नए नियम देंगे यात्रियों को राहत

# हवाई टिकट में गलती पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन महानिदेशालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए रिफंड और बुकिंग सुधार नियमों का मसौदा जारी किया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद टिकट रद्द कराने या बदलाव करने की प्रक्रिया पहले से आसान होगी। साथ ही यात्रियों को तय समय के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रिफंड भी मिलेगा। डीजीसीए का यह कदम हवाई यात्रा को और पारदर्शी व उपभोक्ता-हितैषी बनाने की दिशा में एक अहम बदलाव माना जा रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नए रिफंड और टिकट सुधार नियमों के मसौदे पर सभी हितधारकों से 30 नवम्बर तक सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। प्रस्तावित नियमों का मकसद यात्रियों को टिकट बुकिंग, रद्दीकरण और रिफंड से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही परेशानियों ▪ शेष पृष्ठ 7 पर

## प्रधान न्यायाधीश ने कहा-

# मेरी बेंच से बचना चाहती है केंद्र सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई, क्योंकि सरकार ने अचानक यह मांग कर दी कि ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट (जिसके तहत अलग-अलग ट्रिब्यूनलों के चेयरपर्सन और मेंबर्स की सेवा शर्तें तय की जाती हैं) से जुड़ी याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ को भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी सुनने के बाद, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि के अनुरोध पर सुनवाई कुछ दिन के लिए टाल दी गई थी क्योंकि उन्हें एक इंटरनेशनल ऑर्बिट्रेशन में हिस्सा लेना था। लेकिन जब अगली सुनवाई से ठीक पहले केंद्र ने आधी रात को यह नई अर्जी दाखिल की, तो अदालत ने नाराजगी जताई। गवई ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि केंद्र सरकार इस तरह की रणनीति अपनाएगी और अदालत के साथ ऐसा खेल खेलेगी। यह चौंकाने वाली बात है कि याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी होने के बाद सरकार अब 5 जजों की पीठ की मांग कर रही है।' उन्होंने कहा, 'हम इस अर्जी को खारिज करते हैं और यह भी दर्ज करते हैं कि केंद्र सरकार ऐसा कदम सिर्फ इसलिए उठा रही है क्योंकि मैं जल्द ही रिटायर होने वाला हूं।' अटॉर्नी जनरल ने सफाई देते हुए कहा कि सरकार का इरादा अदालत को गुमराह करने का नहीं था, बल्कि उन्हें लगा कि इसमें संविधान की व्याख्या से जुड़े गंभीर सवाल हैं, जिन्हें बड़ी पीठ को देखना चाहिए। लेकिन गवई ने दो टूक कहा, 'सरकार ने आधी रात को अर्जी दाखिल की, यह अदालत की प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ है। अगर हमें लगेगा कि मामला पांच जजों की पीठ को भेजना जरूरी है, तो हम खुद ऐसा करेंगे।'

### मंगोलिया में फंसे यात्रियों को लाने भेजी राहत उड़ान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगोलिया के उलान-बटोर में फंसे अपने 228 यात्रियों को लाने के लिए मंगलवार को एक राहत उड़ान रवाना की। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि राहत उड़ान बुधवार सुबह यात्रियों के लेकर दिल्ली लौटेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान एआई 174 को विमान में तकनीकी खराबी के कारण सतर्कता बरतते हुए सोमवार को स्थानीय समय के अनुसार, रात 7:59 बजे उलान-बटोर में उतारा गया था। विमान ने 2 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरी थी और उसके कोलकाता होते हुए दिल्ली आना था। रास्ते में विमान में खराबी का पता चलने के बाद पायलटों मे उसे उलान-बटोर में उतारने का फैसला किया। लैंडिंग से एक घंटे पहले ही हवाई अड्डे को इसकी सूचना दे दी गई थी।

## मुश्किलों से टकराने का जज़्बा रखती है बुंदेलखण्ड की बेटी

# बॉल गर्ल से वर्ल्ड कप तक-क्रांति



**भोपाल, देशबन्धु।** बुंदेलखंड की धूल भरी गलियों में जहां लड़कियां खेलों से ज्यादा सपनों में सीमित कर दी जाती हैं, वहीं एक छोटी सी लड़की ने अपने हौंसलों से इतिहास रच दिया है। वो लड़की जो कभी क्रिकेट मैदान में बॉल उठाया करती थी आज क्रिकेट के मैदान में भारत के लिए विकेट चटका रही है।

छतरपुर जिले के छोटे से गांव घुवारा के एक सामान्य परिवार में जन्मी क्रांति गौड़ आर्थिक तंगी और सामाजिक बंदिशों के बीच पली-बढ़ी। इस बेटी का सपना था अपने देश के लिए खेलना। बचपन में जब गांव में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता होती थी तो क्रांति वहां बॉल गर्ल बनकर गेंद उठाया करती थी। किसी ने सोचा नहीं था कि यह लड़की एक दिन भारत की विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनेगी। क्रांति के पिता एक पुलिसकर्मी थे, 2012 में नौकरी छूटने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। घर की हालत ऐसी थी कि क्रांति को कक्षा आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी, पर उसने हार न मानते हुए बैट और बॉल को अपना भविष्य बना लिया। वर्ष 2017 में क्रांति ने सांई क्रिकेट एकेडमी छतरपुर में कोच राजीव बिल्थारे की देखरेख में ट्रेनिंग शुरू की। कोच ने उसकी प्रतिभा पहचानी, फीस माफ की और खेल सामग्री से लेकर रहने की व्यवस्था तक खुद की।

### गांव की मिट्टी से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक

धीरे-धीरे क्रांति ने टेनिस बॉल क्रिकेट से लेकर लेदर बॉल क्रिकेट तक का सफर तय किया। वर्ष 2023-24 में उसने मध्यप्रदेश की सीनियर टीम में जगह बनाई और अगले ही सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन से एमपी को पहला घरेलू वनडे खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। उनकी काबिलियत देखकर डब्ल्यूपीएल -2025 की नीलामी में यूपी वॉरियस 5 टीम ने उन्हें 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके बाद उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई और श्रीलंका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे खेला। इंग्लैंड दौरे में उन्होंने इतिहास रचा 6 विकेट मात्र 52 रन लिए और इतिहास रचते हुए भारत को बड़ी जीत दिलाई।

### भारत की विश्व विजेता, मध्यप्रदेश की क्रांति

वर्ष 2025 के आईसीसी महिला वर्ल्ड कप में भारत ने 47 साल बाद विश्व खिताब जीता और इस ऐतिहासिक जीत में क्रांति गौड़ का योगदान निर्णायक रहा। उनके शानदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। क्रांति आज हजारों बेटियों के लिए मिसाल बन चुकी हैं। उनकी कहानी बताती है कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई सपना छोटा नहीं होता। उन्होंने साबित किया कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मेहनत और विश्वास से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। यह है मध्यप्रदेश की शेरनी क्रांति गौड़ की कहानी - जिसने अपने जुनून, मेहनत और हिम्मत से न केवल क्रिकेट के मैदान पर इतिहास रचा, बल्कि भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया।

# मुख्यमंत्री ने क्रांति गौड़ को वीडियो कॉल कर दीं शुभकामनाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी महिला क्रिकेट-2025 विश्व विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी और मध्यप्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल पर चर्चा की और अभूतपूर्व जीत की बधाई दी। वर्ल्ड कप के विभिन्न मैचों में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने सटीक और धारदार गेंदबाजी से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियों ने वन-डे विश्व कप जीत कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के मैदान में नई क्रांति का सूत्रपात किया है। पूरे देश और प्रदेशवासियों को विश्व विजेता बनीं बेटियों पर गर्व है। इस उपलब्धि में प्रदेश की बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका से इस जीत का आनंद और बढ़ जाता है। क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ को जल्द ही एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की उभरती क्रिकेट स्टार क्रांति गौड़ के खेल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ग्राम पंचायत काचरी में 2 करोड़ 86 लाख के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** उत्साह और उल्लास के साथ यह अवसर नरयावली विधानसभा की उपलब्धियां पर गर्व करने का है। आज हम इस बात को दृढ़ आत्मविश्वास के साथ कह सकते हैं कि मप्र के साथ-साथ नरयावली विधानसभा अब पूरी तरह से बदल चुकी है। विगत 17 वर्षों के कार्यकाल में नरयावली विधानसभा में जन सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। उक्त उद्गार विधायक प्रदीप लारिया ने विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत काचरी में करीब 2.86 करोड़ लागत के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण अवसर पर व्यक्त किये। विधायक लारिया ने कहा कि विकास कार्यों की परिणिति से क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलता है। रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होता है। सामुदायिक विकास के नये द्वार खुलते है। क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलती है। यह कार्यक्रम क्षेत्र के विकास को गति देगा और प्रगति की नई ऊंचाइयों तक जायेगा। विधायक लारिया ने विधिवत पूजा अर्चना कर ग्राम पंचायत काचरी में काचरी से हवला तक डामर रोड 2.50 करोड़, ग्राम समोस में सीसी मार्ग निर्माण 20 लाख और हनुमान मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण 3 लाख रु. का भूमिपूजन एवं ग्राम काचरी में पंचायत भवन लागत 12.85 लाख का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया। इस अवसर पर रामगोपाल सोनी, सरपंच काचरी द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परम्परागत दिवारी लोक नृत्य एवं गायन और दाल बाटी कार्यक्रम में विधायक लारिया सम्मिलित हुये। इस अवसर पर गुलाब सिंह राजपूत, चैन सिंह ठाकुर, सोहन लोधी, अरविंद घोषी सहित क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, कार्यकर्ता, जनपद सदस्य, सरपंच, क्षेत्रीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सिंधी कालोनी में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन



**सागर, देशबन्धु।** सिंधी कॉलोनी में सुबह 8 बजे निकला नगर कीर्तन सुनकर कॉलोनी की महिलाओं ने अपने अपने घरों की छतों से की पुष्प वर्षा की धन गुरु नानक सारा जग तरियां की स्वर लहरोयों से गुंजायमान हो उठा प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया की सुबह सो रहे कॉलोनी वासियों की नींद खुली तो बाहर जाकर देखा तो फूलों की पालकी में सजी दादी कौशल्या देवी विराजमान थी सभी लोगो ने प्रसाद दिया तो पालकी पर बैठी सेवादार ने उसी प्रसाद में और प्रसाद मिलकर उन्हें वापस दिया। मंगलवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सिंधी समाज ने सिंधी गुरुद्वारा से सुबह 8 बजे जुलूस निकला जो पूरी कॉलोनी का भ्रमण कर, खुरई रोड से शास्त्री वार्ड से वापस सिंधी गुरुद्वारा दोप 1 बजे पंहुचा सेवादार सड़कों को धुल हटाते चल रहे थे। लोग जगह-जगह फूल बरसा रहे थे गुरुद्वारा सेवादार लख्मीचंद मनवानी ने सभी सिंधी समाज का आभार माना। इस मौके पर जगदीश बूंदा महराज, निर्मल भोले, पप्पू दरयानी, परमानन्द पंजवानी, राजा हासानी, अनिल लालवानी, मुकेश परयानी, रवि सुंदरानी, किशोर नागवानी, सुनील मनवानी, राजा नागवानी, मोहनलाल सडानी, लालचंद मेठवानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज की महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

## जिलास्तरीय फुटबाल पुरूष, महिला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** शास. कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय द्वारा जिलास्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन खेल परिसर सिविल लाईन में हुआ। जिसमें पुरूष वर्ग की टीम ने सहभागिता की मंगलवार के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता रही। जिन्होंने दीप प्रजवल्लन कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा खिलाडियों को खेल भावना के साथ कठिन परिश्रम करना चाहियें। आज खेलो के द्वारा भी रोजगार प्राप्त किया जाता सकता है और चहुमुखी विकास के लिये खेल नितांत आवश्यक है। प्रतियोगिता में 4 महाविद्यालय के दलों ने सहभागिता की जिसमें फाईनल में शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं शास. महाविद्यालय देवरी के मध्य फाईनल मैंच खेला गया जिसमें कला एवं वाणिज्य के महाविद्यालय के खिलाडियों ने विजेता होनें का गौरव प्राप्त किया। हॉफटाईम तक शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय चार शून्य से आगे थी और सात शून्य के बडे अंतर से देवरी महाविद्यालय को हराया इस अवसर पर कला एवं वाणिज्य महावि. के खेल प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने छात्रों को प्रतियोगिता में विजय होने पर बधाई दी। देवरी महावि. के क्रीडा अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने दोनो टीम के खिलाडियों को बघाई दी। पीएमश्री महावि. के क्रीडा अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता के दौरान भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा अधिकारी डॉ. अजय व्यास ने किया। विजेता एवं उपविजेता दलों को ट्राफी एवं मेडल प्रदान किये गये।

# ओवरब्रिज के नीचे से मुसाफिरों का निकलना दूभर, हादसों की आशंका

**मालथौन, देशबन्धु।** खिमलासा रोड पर अतिक्रमण के चलते निकलना दूभर हो गया है ओवरब्रिज के दोनों और अतिक्रमण पसरा हुआ हैं जिससे असुविधा का सामना करना पड़ता हैं ब्रिज के नीचे से निकलने में हादसों का अंदेशा बना रहता हैं जबकि भारी वाहनों का निकलना होता है अतिक्रमण के चलते जाम की स्थिति रहती हैं। शनिवार को हाट बाजार के दिन रहता हैं, मालथौन बीना मार्ग के चौराहा पर हाट बाजार की दुकाने लग रही हैं, यह चौराहा डैंजरस स्पॉट हैं, इनकी कही लापरवाही जानलेवा न बन जाये। शनिवार को बाहरी रेहड़ी, पथ विक्रेता बीच मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकाने लगा लेते है जिसके कारण आवागमन में मुसाफिरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।



इधर सबसे अधिक हादसा का डर बना रहता है यह ब्लेक स्पॉट है, इस स्टेट हाइवे चौराहा पर कई बड़ी अनहोनी घट चुकी हैं टर्निंग पॉइंट हैं। सागर-ललितपुर की और से खिमलासा बीना विदिशा भोपाल आने जाने वाले वाहन 90 अंश का कोण बनाते वाहन मुड़ते हैं कही चूक बड़ी अनहोनी को निमंत्रण दे रही है। नगर प्रशासन की लापरवाही से बिना रोक टोक के हर बाजार के दिन पूरी रोड पर बाहर से फल सब्जी अन्य सामग्री बेचने आने वाले विक्रेता हाथ ठेला या त्रिपाल पर समान रखकर बेचने लगते है, अतिक्रमण कर लेते हैं। जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। 40 फीट चौड़े रोड से दो पहिया वाहन चालक को निकलने असुविधा का सामना करना पड़ता हैं। जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो रिफाइनरी के ज्वलनशील पदार्थ सहित भारी वाहनों की आवाजाही रहती हैं। वही इन लोगो से बोलने पर यह मानते नही है, विवाद जैसे स्थिति बनती है। इस और नगर प्रशासन लगातार अनदेखी करता आ रहा है।

## जो सनातन मिट न सका रावण की तलवार से, वो आज के अत्याचारियों से क्या मिटेगा: रामदास महाराज



**जैसीनगर, देशबन्धु।** वृंदावन धाम स्थित श्री राम कृपा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर शीतल संत रामदास मंगलवार को जैसीनगर पहुंचे, जहां उन्होंने बड़े महादेव मंदिर में दर्शन किये और सुल्तानगंज ग्राम के पास स्थित ग्राम सुनवाहा में जगत जननी माता के दर्शन करने पहुंचे। मीडिया से चर्चा के दौरान जब उनसे बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा को लेकर उठाये जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा जब-जब किसी ने सनातन के लिये बीड़ा उठाया है, वह आगे बढ़ा है। रोकने वाले रोकते रहे, पर धर्म की शक्ति सदैव विजयी रही। भगवान श्रीराम के युग में भी अनेक अत्याचारी थे, पर रावण जैसे दुष्टों का वध कर श्रीराम ने सनातन की स्थापना की, जो सनातन मिट न सका रावण की तलवार से, वो आज के अत्याचारियों से क्या मिटेगा। सनातन की रक्षा स्वयं वीर बजरंगबली करते हैं। गौ माता की दयनीय स्थिति पर सवाल किये जाने पर संत रामदास ने कहा गौ माता की रक्षा करना यह प्रश्न विचारणीय है सत्ताधीशो को इस विषय में जरुर सोचना होगा ब्रह्मलीन संत करपात्री ने गोवंश की रक्षा के लिये बड़े-बड़े आंदोलन किये ऐसे ही आंदोलन की जरूरत है, सत्ताधीशो साथ-साथ हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। जब तक गायों की सुरक्षा नहीं होगी, तब तक समाज सुरक्षित नहीं रहेगा। जहां गायों की सेवा है, वही क्षेत्र वास्तव में सुरक्षित है। शीतल संत रामदास के साथ बडे महादेव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।



**सागर, देशबन्धु।** मंगलवार को बाहुबली कालोनी निवासी वीरेंद्र जैन उदयपुरा वालों के सुपुत्र संयम जैन का सीए की परीक्षा में चयन होने पर उनके मित्रों और दोस्तों ने उनके घर जाकर उनको बधाइयां दी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 69 वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन आज

**सागर, देशबन्धु।** जिले में आयोजित 69 वी राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह आज दोपहर 1.30 बजे खेल परिसर मैदान में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र जैन करेंगे। समापन समारोह में विधायक एवं पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक एवं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, विधायक निर्मला स्प्रे, महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, ननि अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## आचार्य विनोबा भावे वार्ड निर्तला में 2.5 करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ



**खुरई, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह के प्रयासों से खुरई नगर में आचार्य विनोबा भावे वार्ड निर्तला में 2.5 करोड़ की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सामुदायिक भवन वार्डवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिये एक सशक्त और सुव्यवस्थित मंच उपलब्ध करायेगा। भवन निर्माण कार्य को गुणवत्ता, मजबूती एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ राजेश मेहतेले द्वारा निर्माण एजेंसी को दिये गये। इस अवसर पर नपा सहायक यंत्री अविनाश रावत, उपयंत्री कपिल मोर, संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम के नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मेहतेले ने कहा कि यह भवन वार्डवासियों के लिये सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे नागरिकों को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक परिसर की सुविधा प्राप्त होगी। वार्डवासियों ने इस निर्माण कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यह भवन उनकी वर्षों पुरानी आवश्यकता को पूरा करेगा। अब मांगलिक कार्यों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक आयोजनों के लिये नागरिकों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक व्यवस्था मिलेगी। पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में खुरई नगर में आधारभूत संरचना एवं जनसुविधाओं के कार्यों में अभूतपूर्व गति आई है।

## काम के दौरान मजदूर की करंट लगने से मौत

**खुरई, देशबन्धु।** क्षेत्र में बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना सोमवार रात करीब 8 बजे तेवरा तलापार के पास खुरई-खिमलासा रोड पर हुई। पिछले तीन दिनों में करंट से यह तीसरी मौत है, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार तलापार निवासी रामसिंह कुशवाहा 43 वर्ष बिजली कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार रात लगभग 8 बजे वे तेवरा तेवरी पंप लाइन में आई खराबी को ठीक करने के लिये बिजली के खंभे पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में आकर रामसिंह नीचे गिर गये। उनके साथी मजदूरों ने तत्काल उन्हें बिजली कंपनी की गाड़ी से सिविल अस्पताल खुरई पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद रामसिंह कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। ग्रामवासियों ने इस घटना को बिजली कंपनी की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताया। उनका आरोप है कि बिना लाइन बंद किये मजदूरों से काम कराया जा रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर बिजली आपूर्ति काट दी जाती, तो इस हादसे को टाला जा सकता था। पिछले तीन दिनों में यह करंट लगने से हुई तीसरी मौत है। इससे पहले ऐचनवारा में एक बच्ची और सरखड़ी में एक पशु की भी करंट लगने से मौत हो चुकी है, जिसके लिये बिजली कंपनी की अनदेखी को जिम्मेदार ठहराया। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## नेहरू स्टेडियम परिसर का सीएमओ व थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण



**खुरई, देशबन्धु।** नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल नेहरू स्टेडियम परिसर का सीएमओ राजेश मेहतेले एवं शहरी थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं प्रकाश व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। सीएमओ मेहतेले ने स्वच्छता सुपरवाइजर देवेंद्र रघुवंशी, मनोहर एवं सतीश वाल्मिकी को निर्देश दिये कि स्टेडियम परिसर में स्वच्छता की स्थिति को और बेहतर किया जाये। स्टेडियम नगर का गौरव है, इसलिये यहां स्वच्छता का उच्च स्तर बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिदिन साफ सफाई की निगरानी की जाये ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। वहीं शहरी थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह ने कहा कि स्टेडियम परिसर में असामाजिक गतिविधियों, विशेषकर शराब सेवन जैसी प्रवृत्तियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि निरंतर गश्त और निगरानी रखी जाये तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव एवं आईईसी टीम समन्वयक अरुण नागौर उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को स्टेडियम परिसर में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। निरीक्षण उपरांत सीएमओ ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य केवल साफ सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करना भी है। स्टेडियम परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा।

## पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप कार्यशाला का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि प्रभारी कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में उन्नत अनुसंधान केंद्र सीएआर के द्वारा पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशाला के आयोजन मे डॉ. विवेक कुमार पांडे प्रभारी सीएआर ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक प्रकाश मालवीय और डॉ. अदिति शर्मा ने बताया पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप एक महत्वपूर्ण कैरेक्टाराइजेशन तकनीक है, जिसका उपयोग खनिजों और चट्टानों का भूवैज्ञानिक विश्लेषण तथा क्रिस्टल, मिश्रधातुओं और फाइबर की सूक्ष्म संरचना की जांच करने के लिये किया जाता है। हैंड्स ऑन सत्र पोलेराइजिंग माइक्रोस्कोप के हार्डवेयर भाग के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उसके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों की रुचि के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों पर विचार किया एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों से कार्यशाला के बारे में प्रतिक्रियायें ली गई।

# पूर्व मंत्री ने आईजी और एसपी को लिखा पत्र



**उप मुख्यमंत्री के करीबी, रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला**

**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल एवं जगदीश देवड़ा के करीबी और रिश्तेदार बताकर सागर जिलें में बेरोजगार युवाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग में नोकरी दिलानें के नाम पर पैसें का लेनदेन कर ठगी किये जाने के मामलें में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने सागर आईजी और एसपी को पत्र लिखा है। पूर्व मंत्री ने पत्र में कहा कि सागर जिलें में बेरोजगार युवाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग में नोकरी दिलानें के नाम पर पैसें का लेनदेन कर ठगी करनें वाले युवक के द्वारा अपने सोशल मीडिया एकाउन्ट पर सत्तारूढ़ दल भाजपा के नेताओं के साथ फोटो व पोस्ट डाली गई जिससे प्रभावित होकर बेरोजगार युवा जाल में फंसकर ठगी का शिकार हुये हैं। जिसकी पुष्टि व शिकायत सत्तारूढ़ दल भाजपा के लोगों के द्वारा गत 3 नबम्बर को जिला पुलिस अधीक्षक से की हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलानें के नाम जाल में फंसा कर ठगी करनें का रैकेट महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रियाओं के नाम पर बड़े स्तर की ठगी व घोटाले की ओर संकेत दे रहा है जिसकी उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच में गंभीर मामले उजागर हो सकेगे। श्री चौधरी ने पत्र में मांग की हैं कि प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्रीयों व भाजपा नेताओं के करीबी और रिश्तेदार बताकर बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिलानें के नाम पर ठगी करने वाले तथा दूसरे योग्य युवाओं को उनके हकों से वंचित करनें वालों की कॉल डीटेल तथा बैंक खातों आदि की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्यवाही की जावें।

## जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार, नगदी, मोबाइल सहित मोटर साइकिल जप्त

**रहली, देशबन्धु।** रहली पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि सोनी पेट्रोल पंप के पीछे अमित पटेल के खेत में कुछ व्यक्ति मोबाइल की टॉर्च जलाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर थाना प्रभारी रहली उप निरीक्षक सुनील शर्मा द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी गई, जहां से जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में गौरव पिता सतीश श्रीवास्तव निवासी वार्ड क्र. 10 रहली, राहुल पिता होतीलाल पटेल निवासी वार्ड क्र. 10 रहली, गोविन्द पिता प्रकाश पटेल निवासी वार्ड क्र. 10 रहली को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 1400 नगद, तीन टच मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 40000, मोटर साइकिल क्र. एमपी 15 डीजेड 8912 अनुमानित मूल्य 50000 रुपये, कुल जप्त रकम मूल्य लगभग 91,400 रुपये जप्त किये। उक्त प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सुनील शर्मा थाना प्रभारी रहली, जितेन्द्र प्यासी, राहुल कुसमरिया, रवि पटेल, रोशन की भूमिका रही।

# म.प्र. अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स समाज ने मांग पत्र सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** म.प्र. अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स समाज सागर द्वारा कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर कलेक्टर को एक बड़ा कक्ष बैठक एवं कार्यालयीन रिकार्ड आदि रखने हेतु मांग पत्र सौंपा। अभी हाल में पेंशनर्स समाज के पास पुरानी कलेक्ट्रेट में एक कमरा है। जो अच्छी हालत में नही है एवं अनु. वि. अधि. कार्यालय भवन बन जाने एवं उसकी बाऊड्री आदि तैयार होने से कार्यालय बाऊड्री के अंदर आ गया है। इससे पेंशनर्स को असुविधा होने लगी है। जब तक नवीन भवन कमरा नही मिल जाता तब तक पेंशनर्स की बैठक पूर्व की भांति यथावत होती रहेगी। यह संगठन पेंशनर्स का सबसे बड़ा संगठन है। ज्ञापन सौंपने वालों में जीएल छत्रसाल, आएस बादल, केके तिवारी, जीपी विश्वकर्मा, आशालता सिलाकारी, जीपी कोरी, भोला प्रसाद धुर्वे, नवीन जैन, महेश दुबे, आरपी मिश्रा, एमएम शुक्ला, जमना प्रसाद प्रजापति, केएन मिश्रा सहित अनेकों पेंशनर्स उपस्थित रहे। ज्ञापन पेंशनर्स ने बैठक के पश्चात अति. कलेक्टर अविनाश राव को सौंपा।

### श्री सिद्ध चक्र विधान का समापन, आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

# हमारे जीवन में सरलता आ जाए तो संसार में हमारा कोई शत्रु नहीं होगा: ऐलकश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ में मंगलवार को 1024 अर्ध समर्पित करने के साथ ही विधान का समापन हुआ। मनोज जैन लालो ने बताया आज प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, हवन के उपरांत प्रातः 9 बजे से श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी, जो अंकुर कॉलोनी से मकरोनिया चौराहा होकर वापस विधान स्थल पर आयेगी। बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया धनेटा के द्वारा कुशलतापूर्वक श्री सिद्ध चक्र विधान भव्यता के साथ संपन्न कराया। ऐलक श्री दयासागर ने श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान प्रवचन में कहा कि मानव मान का पुतला है। मान कषाय ही हमें चार गति और चौरासी लाख योनियों में भ्रमण



कराता है और इस असार संसार से मुक्त नहीं होने देता, हमारे अंदर दिव्य शक्ति को जागृत नहीं होने देता, हमें परमात्मा नहीं बनने देता। इन मान कषायों के कारण ही हम दिन रात पाप कर्मों में लिप्त रहते हैं। यदि हमारे जीवन में मृदुता, सरलता आ जाए तो इस संसार में हमारा कोई शत्रु या दुश्मन नहीं होगा, हमारा किसी से बैर नहीं होगा। हम जब भी इष्ट की, जिनेंद्र प्रभु की आराधना, पूजा भक्ति करते हैं तब हमारा चिंतन होना चाहिये कि हे भगवन, जो दिव्य शक्ति आपके अंदर विराजमान है, वो मेरे अंदर भी प्रगट हो। हम निरंतर पूजा भक्ति आराधना करते हुये इष्ट की प्रतिमाओं को घिसते रहते हैं लेकिन अपने अंदर के मान कषाय को नहीं छोड़ते। हमें प्रभु कृपा से जो मिला वह पर्याप्त था लेकिन कषाय के कारण हमें संतुष्टि नही हुई।

## सार समाचार

### एसआईआर के तहत होम टू होम सर्वे शुरू

**छतरपुर, देशबन्धु।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ होम टू होम सर्वे करेंगे। इस दौरान प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक दो प्रतियां वितरित की जायेंगीं।

जिनमें मतदाता अपनी जानकारी दर्ज करके वापस करेंगे। मतदाता को गणना पत्रक के साथ किसी भी प्रकार का दस्तावेज संलग्न नहीं करना होगा। बताया गया है कि एसआईआर प्रक्रिया में 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 के दौरान नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जाएंगे। साथ ही मृत, दोहरे या विस्थापित मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के साथ साथ आवश्यक संशोधन भी किया जाएगा।

### जिपं सीईओ ने किया भोयरा गौशाला का निरीक्षण

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने बीती रात जनपद पंचायत बड़ामलहरा की ग्राम पंचायत भोयरा जाकर वहां संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया। इसके बाद नयाखेरा जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

ग्राम भोयरा की गौशाला में 73 गौवंश पाए गए। साथ ही बिजली, पानी, भूसा और सीसीटीवी की सही व्यवस्था पाई गई। गौशाला संचालित करने वाले समूह से पूरी जानकारी लेकर व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न आने देने के निर्देश भी दिए। इसके बाद ग्राम नयाखेरा जाकर ग्रामीणों से गांव की समस्याओं के बारे मे चर्चा की। ग्रामीणों ने ग्राम नयाखेरा को 3 किमी दूर स्थित घुवारा से सीधे जोडने की मांग की। उन्होंने बताया कि अभी ग्राम नयाखेरा से घुवारा जाने के लिए ग्राम भोयरा से पनवारी होकर 12 किमी का चक्कर लगाकर जाना पड़ता है। सीईओ ने नयाखेरा से घुवारा मार्ग का जायजा लिया। इस रास्तें में एक रिपटे का निर्माण कराने और रास्ते में पडने वाली निजी जमीन के बारे में संबंधितों से संवाद करके दान में देने को कहा गया। गांव में सीसी रोड बनाने के निर्देश भी दिए।

### वृद्धा ने भतीजे पर लगाए परेशान करने के आरोप

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में नारायणपुरा रोड पर रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने भतीजे पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। 65 वर्षीय रामकली कुशवाहा ने बताया 30 साल पहले उसने छतरपुर निवासी रामकिशोर दुबे से कोर्ट मैरिज की थी। पिछले कुछ दिनों से उनका भतीजा मिंटू दुबे उन्हें परेशान कर रहा है। मंगलवार को मिंटू ने उनका रास्ता रोककर, गाली-गलौज और मारपीट की है। रामकली ने बताया कि रामकिशोर की पहली पत्नी से बेटियां हैं लेकिन कोई पुत्र नहीं, इसलिए मिंटू ने संपत्ति के लोभ में यह हरकत की। मिंटू नशे का आदी है और पूर्व में कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। ओरछा रोड थाना प्रभारी ने बताया आरोपी की तलाश और मामले की जांच जारी है।

### ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, एक घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के बाजना में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से एक अधेड़ बुरी तरह से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय भागीरथ पुत्र सुकईयां अहिरवार निवासी बाजना मोटरसाइकिल से गांव में जा रहे थे तभी रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि भागीरथ जमीन पर बुरी तरह घिसट गए और उनके एक पैर का घुटना टूट गया। लोगों ने डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद घायल को सीएचसी बड़ामलहरा पहुंचाया गया। वहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बड़ामलहरा पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है, जल्द ही उस पर कार्रवाई की जाएगी।

#### कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व और पुलिस की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## संयुक्त अभियान चलाकर सख्ती से हटाएं अतिक्रमण



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग को संयुक्त रुप से विशेष अभियान चलाकर सख्ती से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा राजस्व और पुलिस विभाग संयुक्त रुप से कानून व्यवस्था बनाने और सरकारी जमीनों, सरकारी भवनों व तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए 3 माह तक विशेष अभियान चलाएं। भू-माफियाओं पर कडी कार्यवाही करते हुए कब्जा हटाएं, तालाबों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्राथमिकता से की जाए। साथ ही पीडब्ल्यूडी और अन्य विभाग की संपत्ति का सत्यापन कराने और मंदिर संबंधी विवादों को संवेदनशीलता से हल करने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व न्यायालय के पुराने आदेशों के क्रियान्वयन के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने एससी-एसटी वर्ग के लोगों के हॉटस्पॉट पर जन चेतना शिविर लगाने और उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने, जाति प्रमाण बनवाने के लिए एसडीओपी से सूची लेकर राहत राशि प्रकरणों को स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जातिगत विवादों को रोकने के लिए सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से निरंतर संपर्क रखकर सूचना तंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया है। साथ ही राजस्व अधिकारियों के पूर्व के आदेशों की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं पुलिस विभाग की शिकायतों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी आदित्य पटले, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल सहित सभी डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम और एसडीओपी उपस्थित रहे।

### हर माह थाना दिवस पर करें शिकायतों का निराकरण

एसपी अगम जैन ने कहा कि 2 माह तक अभियान के तौर पर विवाद और झगड़ों जैसे संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रुप से कार्यवाही करें। हर माह थाना दिवस पर संयुक्त रुप से सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य शिकायतों का निराकरण किया जाए। एसपी ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। सडक पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं के कारण लगने वाले जाम को रोकने के लिए पुलिस अधिकारी भी सक्रिय रहें। उन्होंने एसडीओपी को कुख्यात आरोपियों के थाना हाजिरी एवं जिला बदर के प्रकरणों को प्राथमिकता से भेजने के निर्देश दिए हैं।

## अतिथि शिक्षक भर्ती घोटाले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिले में गौरिहार तहसील के शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल खेरा में अतिथि शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर नीलेश कुमार दीक्षित ने शिकायत की है। जिसमें दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

नीलेश दीक्षित ने आरोप लगाया कि डीईओ कार्यालय में पदस्थ राघवेंद्र सिंह ने अपने मामा के बेटे सौरभ सिंह की अतिथि शिक्षक के पद पर फर्जी तरीके से भर्ती करवाई। जांच में यह मामला सही पाया गया, इसके बाद 17 अगस्त 2025 को सौरभ सिंह का नाम पोर्टल से हटा दिया गया। बावजूद इसके उन्हें चार दिन का वेतन 1867 रुपए जारी किया गया था। शिकायतकर्ता का कहना है वह वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक शासकीय हाई स्कूल खेरा में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 सामाजिक विज्ञान के पद पर कार्यरत था। इस वर्ष प्रभारी प्राचार्य स्वयं प्रकाश शिवहरे ने उन्हें दोबारा नियुक्त न करके नियम विरुद्ध तरीके से भवानी दीन प्रजापति को नियुक्त कर लिया। श्री दीक्षित ने भर्ती प्रक्रिया में बडे पैमाने पर लेनदेन का आरोप लगाया है। जनसुनवाई और कार्रवाई पर संदेह जताते हुए नीलेश दीक्षित ने बताया उन्होंने पहले 30 सितंबर, फिर 14 अक्टूबर और इसके बाद 28 अक्टूबर को इसी मामले में आवेदन दिए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब चौथी बार जनसुनवाई में आवेदन देनकर कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 7 बदमाश गुंडा सूची में शामिल, 1 जिला बदर

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के विभिन्न थानों के 7 आदतन अपराधियों को गुंडा सूची में शामिल किया है वहीं एक को जिला बदर किया है। जिन्हें गुडा सूची में शामिल किया है उनमें थाना महाराजपुर के ग्राम कुसमा निवासी धीरज दीक्षित, थाना मातगुवां के कल्लू उर्फ समीर खान, थाना गढ़ीमलहरा के सोनू चौरसिया, थाना लवकुशनगर के ग्राम पठा निवासी लाल सिंह, थाना बिजावर के ग्राम धरमपुरा निवासी तेज प्रताप सिंह, थाना बिजावर के खटक्याना मोहल्ला निवासी लक्ष्मण उर्फ हल्के अहिरवार और थाना अलीपुरा के ग्राम करारागंज निवासी लाखन यादव शामिल हैं। इसी तरह थाना बड़ामलहरा क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक अपराधों में लिप्त आरोपी जगन उर्फ जगजीवन परिहार निवासी ग्राम संध्या के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित की गई।

## पदयात्रा से दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**छतरपुर, देशबन्धु।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम भैरा, धुवयाई, गुणपारा, बांदनी होते हुए सादनी तक 10 किमी लंबी पदयात्रा निकाली गई। इसके माध्यम से सभी को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

ग्राम भैरा के शासकीस हाई स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व सम्मुख दीपप्रज्वलन करके किया। उन्होने कहा इस मौके पर हम सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने और नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई। इसके बाद 10 किमी लंबी पदयात्रा निकाली गई, जो ग्राम सांदनी पहुंचकर संपन्न हुई। रास्ते में ग्रामीणों ने यात्रा में शामिल लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस यात्रा में विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम विजय द्विवेदी, जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### छात्रावास में असुविधा को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के छात्रावासों की खराब व्यवस्था के खिलाफ मंगलवार को छात्र नेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। छात्र नेता सतेन्द्र शर्मा ने बताया जिले के छात्रावासों में मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं, जिससे छात्रों को परेशानी हो रही है। इसी तरह महाविद्यालयीन सीनियर बालक छात्रावास महोबा रोड में कम्बल, तकिया, चादर व बैड नहीं है। गणेश कॉलोनी वाले छात्रावास में बाउंड्री व खेल मैदान की कमी है। गौरिहार जूनियर बालक छात्रावास में पिछले तीन दिनों से छात्रों को केवल चावल मिल रहा है। छात्रवृत्ति चार माह से लंबित है, जिससे छात्र आर्थिक संकट में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के वकील राकेश किशोर खजुराहो पहुंचे, पुलिस अलर्ट



**छतरपुर, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले दिल्ली के वकील डॉ राकेश किशोर कुमार मंगलवार को सुबह 10 बजे खजुराहो पहुंचे। यहां उन्होंने जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ध्यान और प्रार्थना करने की घोषणा की है, इसे लेकर पुलिस अलर्ट हो गई है। डॉ राकेश ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके बड़ी संख्या में धर्म और सनातन प्रेमियों से जवारी मंदिर पहुंचने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि वे बुधवार से जवारी मंदिर में मूर्ति की पुनःस्थापना के लिए ईश्वर से प्रार्थना करेंगे। इस घोषणा के बाद प्रशासन, पुलिस और पुरातत्व विभाग सतर्क हो गया है। आर्कियोलॉजिकल अधिकारी दीक्षांत चावरे ने बताया कि खजुराहो के सभी स्मारक आम पर्यटकों के लिए खुले हैं, लेकिन वहां किसी भी तरह की पूजा, अर्चना, ध्यान या योग करना सख्त मना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राकेश किशोर द्वारा ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई है। नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर कार्रवाई की जाएगी। खजुराहो थाना प्रभारी प्रशांत सेन ने बताया आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने इस मामले में मंदिर परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है। इसे लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है।

### मजाक बनी जनसुनवाई, समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

**नौगांव, देशबन्धु।** जिला प्रशासन का जनसुनवाई कार्यक्रम केवल खानापूर्ति बन गया है। अधिकारियों की उदासीनता से समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। महाराजपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरवा निवासी दुलीचंद अहिरवार ने बताया जमीन विवाद का फैसला उनके पक्ष मे है, लेकिन कब्जा अब तक नहीं मिला है। वर्ष 2022 से अब तक उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई, कलेक्टर, तहसीलदार व एसडीएम को 300 से अधिक आवेदन दिए हैं लेकिन न्याय अभी भी लंबित है। ग्राम गर्रोली की पार्वती राजपूत ने बताया उनके घर के सामने सरकारी भूमि पर रास्ता था, जिस पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। परिवार को गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने कई बार जनसुनवाई में आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पार्वती ने कहा कि सुनवाई न होने के कारण उनके लिए अब घर से निकलना मुश्किल हो गया है। नौगांव की जनसुनवाई में पहुंचने वाले लोगों इन कहना है कि अधिकारियों की बेरुखी से त्रस्त हैं। कई मामलों में आवेदन दर्ज होने के बावजूद कोई फॉलो-अप नहीं होता, जिससे शिकायतें जस की तस रहती हैं। नौगांव एसडीएम बृजभान पटेल का कहना है कि सभी समस्याओं का निराकरण समय पर किया जाता है। कुछ मामलों में कानूनी प्रक्रिया अधिक समय लेती है, लेकिन हम सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करेंगे।

## स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिला 5 माह से वेतन



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों का हाल बेहाल है। सेडमेप के माध्यम से रखे गए करीब 430 श्रमिकों को पिछले 5 माह से न वेतन मिला है, न उनका ईपीएफ व ईएसआईसी जमा किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों न जनसुनवाई में कलेक्टर को ज्ञापन देकर उन्हें जल्द वेतन दिलाने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेडमेप से एक वर्ष के लिए 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक अनुबंध करके कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। परंतु अब सब कुछ नियमविरुद्ध हो रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नियमों के अनुसार प्रत्येक माह की 15 तारीख तक ईपीएफ और ईएसआईसी की राशि जमा कराना अनिवार्य होने के बावजूद, 31 अक्टूबर 2025 तक भी यह राशि जमा नहीं की गई है। स्वास्थ्य विभाग के 422 आउटसोर्स कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड लंबे समय से वेतन से वंचित हैं।

खजुराहो के शोभित बाल्मीक सीएससी खजुराहो में सफाईकर्मी हैं, उसने बताया कई बार आवेदन दे चुके हैं, पर अब तक वेतन नहीं मिला। दीवाली पर भी भुगतान नहीं किया गया। जब अधिकारियों से बात करते हैं तो कहते हैं कि बजट कंपनी को दे दिया गया है। कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर से गुहार लगाई है कि ऐसी कंपनी को तत्काल हटाया जाए जो समय पर वेतन भुगतान नहीं कर पा रही है, और उसकी जगह ऐसी संस्था को जिम्मेदारी दी जाए जो श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के नियमों का पालन करते हुए कर्मचारियों को उनका हक समय पर दे सके। कर्मचारियों का कहना है कि वे अब रोजी-रोटी के संकट में हैं और यदि जल्द समाधान नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## विचाराधीन कैदी ने हथकड़ी से खुद को घायल किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को दोपहर के समय एक विचाराधीन कैदी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल लाते समय पुलिस वाहन में उसने अपने सिर पर हथकड़ी से घातक प्रहार करके बुरी तरह से धायल कर लिया। ये देखकर पुलिस वाले घबरा गए और गंभीर रुप से घायल कैदी को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

घायल कैदी की पहचान फिरोजाबाद निवासी सुमंत पाराशर के रुप में हुई है। वह दुष्कर्म के आरोप में महिला थाना छतरपुर में दर्ज केस के तहत जिला जेल में बंद था। बताया गया कि सुमंत बागेश्वर धाम दर्शन के लिए आया था, जहां उसकी मुलाकात छतरपुर की एक महिला से हुई थी। उसी महिला की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर सुमंत को डीएनए टेस्ट के लिए जब निरीक्षक प्रतिभा श्रीवास्तव और महिला पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल लाया जा रहा था, तभी उसने पुलिस वाहन के अंदर ही अचानक अपने सिर पर हथकड़ी से वार करके खुद को घालय कर लिया। इस घटना के बाद पुलिसकर्मी और अस्पताल स्टाफ ने तुरंत घायल कैदी को आईसीयू में भर्ती कर लिया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे कैदी वार्ड में भर्ती कराया गया है। घायल कैदी सुमंत ने खुद को निर्दोष बताते हुए आरोप लगाया कि उसे महिला द्वारा बलात्कार के मामले में झूठा फंसाया गया है।

### देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की छात्राएं बनी सफलता की मिसाल



**आष्टा, देशबन्धु।** देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट मार्गदर्शन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय की पूर्व हेड गर्ल सैय्यद मेहविश ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार, शिक्षकों और विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं, उनके पूर्ववर्ती वर्ष की हेड गर्ल कनिष्का रणकौशल का चयन इटली की प्रतिष्ठित पाडुआ यूनिवर्सिटी में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा के लिए हुआ था। दोनों छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति से यह साबित किया कि देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, न केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, नेतृत्व और नैतिक मूल्यों से भी सशक्त बनाता है।

सैय्यद मेहविश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के प्रेरणादायक वातावरण को दिया। विद्यालय के प्राचार्या डॉ. संगीता सिंहा ने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धियाँ विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षण प्रणाली का प्रमाण हैं। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से दक्ष बनाना है, बल्कि उन्हें ऐसे जिम्मेदार नागरिक बनाना है जो भविष्य में समाज और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, सैय्यद आदिल अली ने सैय्यद मेहविश और कनिष्का रणकौशल दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### सुभाष ग्राउंड पर फुटबाल विधायक कप का आयोजन

## यंग इलेवन और यंग बदर्स ने पैनाल्टी से जीता मैच



**आष्टा, देशबन्धु।** सुभाष मैदान पर जनता ट्रांसपोर्ट के तत्वाधान में विधायक कप चल रहा है। विधायक कप में प्रथम मैच आष्टा यंग इलेवन और आष्टा ग्रीन के बीच खेला गया जो की निर्धारित समय में गोल रहित रहा। बाद में फैसला पेनल्टी शूट आउट में आष्टा यंग इलेवन ने जीत हासिल की जिसमे मेन ऑफ मैच कार्तिक रहे। वहीं द्वितीय मैच आष्टा यंग ब्रदरस और बैतूल के बीच खेला गया जो की निर्धारित समय में गोल रहित रहा, बाद में फैसला पेनल्टी शूट आउट मे आष्टा यंग ब्रदरस ने शानदार 2-0 से मैच में जीत हासिल की जिसमें मैन आफ द मैच साकिब रहे। उक्त दोनों मैचों में मैन ऑफ द मैच पीपुल्स नॉलेज पॉइंट के संचालक रिज़वान सिद्दीक़ी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जुनेद खान दवा विक्रेता संघ उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि योगेंद्र ठाकुर एवं हरेंद्र ठाकुर अतिथि रहे। टूर्नामेंट सचिव उमेर लाला ने सभी अतिथियों का साफा बांध कर स्वागत किया। साथ में टीम परिचय हेतु समिति के अमजद अंसारी इरशाद अंसारी और इमरान द्वारा मैदान पर खिलाड़ियों का परिचय करवाया। आयोजन समिति अध्यक्ष मिर्ज़ा फारूक बैग उपाध्यक्ष भुरू भाई टूर्नामेंट उपाध्यक्ष आज़म खान आष्टा पैथालॉजी के द्वारा किये गये आयोजन की अतिथियों ने सराहना की।

## पहली पारी में छतरपुर के 290 रनों के जवाब में सागर ने बनाए 327 रन



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के पेप्टेक टाउन स्थित खेल मैदान में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और सागर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसका फाइनल मुकाबला सागर और छतरपुर के बीच खेला जा रहा है।

डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया ने बताया रोमांचक मुकाबले के पहले दिन छतरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था। एक दिन के निर्धारित 95 ओवर में 8 विकेट पर 276 रन बनाए। मुकाबले के दूसरे दिन मंगलवार को छतरपुर की टीम 101 ओवर में 290 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आखिरी बल्लेबाजों में उमेश अहिरवार 21, प्रखर अग्रिहोत्री 39 रन बनाए। इसके बाद सागर टीम खेलने उतरी, जिसने 78 ओवर खेलकर 327 रन बनाए। सागर के शिवाजी नायक ने 188, हरनीत सिंह ने 32, उत्कर्ष पटेल ने 26 एवं होमी सोलंकी ने 19 रन की पारी खेली। वहीं छतरपुर टीम के गेंदबाज गौरंग कछवाहा ने 7 विकेट, प्रखर अग्रिहोत्री ने 2 विकेट, आदर्श यादव ने 1 विकेट लिया। दूसरे दिन के अंत में सागर की टीम ने 37 रनों की बढ़त पर है। छतरपुर की टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी के पहले ओवर में बिना विकेट गंवाए 8 रन बना लिए हैं। डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि आगे का खेल आज सुबह पेप्टेक के खेल मैदान पर शुरु होगा साथ ही जीत-हार का निर्णय भी आज हो जाएगा। उन्होंने छतरपुर के खेल प्रेमियों से मैदान पर उपस्थित होकर खिलाडि़यों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।।

देशबन्धु

सागर, बुधवार 5 नवम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## भाजपा-जदयू ने दिखाई चुनावी रंगदारी

बिहार चुनावों में इस बात का अनुमान पहले से था कि जीत हासिल करने के लिए बदजुबानी के नए स्तर कायम होंगे। भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी इसमें अपना ही बनाया पहले का रिकार्ड तोड़ेंगे। आम चुनाव 2024 में नरेन्द्र मोदी ने जब कहा था कि कांग्रेस वाले आपका मंगलसूत्र चोरी करके ले जाएंगे, तो सब कुछ पता होते हुए भी आश्चर्यमिश्रित दुख हुआ था कि कोई प्रधानमंत्री इस तरह की भाषा कैसे बोल सकता है, ऐसे ऊटपटांग बयान कैसे दे सकता है। लेकिन उस चुनाव में कई बार ऐसे बयान सुनने पड़े। फिर महाराष्ट्र, हरियाणा में यह सिलसिला बढ़ा और अब बिहार चुनाव में जहां इस बार महागठबंधन एनडीए को कड़ी टक्कर दे रहा है, प्रधानमंत्री मोदी कट्टे वाली भाषा पर उतर आए हैं। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री के सलाहकार कौन हैं, कौन उनके भाषण लिखता है या उसे अंतिम रूप देता है या प्रधानमंत्री जनता का मूड देखकर तात्कालिक भाषण देते हैं, लेकिन एक बात तय है कि वे जनता के स्तर को निचला मानकर ही ऐसे भाषण देते हैं। भाषा की सभ्यता, तहज़ीब का समाज में बड़ी तेजी से क्षरण हुआ है। इसके लिए अब तक बी ग्रेड की फिल्मों, उपन्यासों को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा। ओटीटी प्लेटफार्म के प्रचलन के बाद भाषायी संस्कार पूरी तरह से गुम होने लगे। जिन अपशब्दों को सबके सामने बोलने-कहने में लोग झिझकते थे, उन्हें टीवी पर देखकर आम बोलचाल का हिस्सा बना लिया गया। ऐसे में राजनेताओं की और जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उनकी जिम्मेदारी कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है कि वे भाषायी शिष्टाचार की न केवल हिफाज़त करें, बल्कि उसे बढ़ाएं भी। खुद ऐसी भाषा बोलें कि जनता तक अच्छा संदेश जाए। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाले अक्सर अपने बचाव में तर्क देते हैं कि जनता जो देखना-सुनना चाहती है, हम वही दिखाते हैं। लेकिन यह तर्क सत्तारुढ़ नेताओं पर लागू नहीं हो सकता। बल्कि अगर वे ऐसा करें तो उन्हें कटघरे में खड़ा करने की जरूरत है, क्योंकि वे लोकशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। बिहार चुनाव में जब नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद लिया है, तो वे अपनी जिम्मेदारी से मुकर ही रहे हैं।

पाठक जानते हैं कि कुछ दिनों पहले ही महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया, जबकि इसके कयास काफी दिनों से लग रहे थे। कौन सा गठबंधन किस तरह आगे बढ़ता है, यह उसका अपना मसला है। विरोधी गठबंधन उस पर सवाल उठा सकता है। लेकिन कट्टे वाली भाषा बोलकर प्रधानमंत्री राजनैतिक शिष्टाचार में एक पायदान और नीचे उतर गए। भाजपा में उनका अनुसरण करने वाले नेता भरे पड़े हैं। इसलिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने कहा कि राहुल गांधी दुर्भाग्य लेकर आते हैं। वो जहां जाते हैं हार मिलती है। सौभाग्य-दुर्भाग्य की बात करना अंधविश्वास है, जो संवैधानिक भावना के खिलाफ है। वहीं अपने विरोधी के लिए ऐसा कहना भी सर्वथा अनुचित ही है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोखर में कूदकर और मछली पकड़ने पर कहा कि मलेशिया के बीच (समुद्री किनारे) से उनका मन भर गया जो लंगूर की तरह पानी में कूद गए। देश में नेता प्रतिपक्ष को लंगूर बताकर मंत्री महोदय कुछ देर की सुर्खी बटोर सकते हैं, लेकिन आखिर में यह देश की छवि पर दाग लगाती है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के लिए ऐसे अपशब्दों की भरमार भाजपा नेताओं के पास है, जिनका इस्तेमाल वे अक्सर करते हैं। लेकिन वहीं सवाल उठता है कि क्या ये नेता बिहार की जनता के विवेक को इतना कम करके आंकते हैं कि वह निम्नस्तरीय भाषा सुनकर प्रभावित होगी। क्या अपने विरोधियों को मात देने के लिए कोई नैतिक तरीका या बात भाजपा के पास नहीं बची है। और अब शायद जदयू का भी वही हाल हो गया है।

एक वक्त में शरद यादव और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद यू सिद्धांतों की राजनीति करती थी। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने मोकामा में कहा कि, 'कुछ लोग हैं, उन्हें चुनाव के दिन घर से बाहर नहीं निकलने देना है। अगर वे ज्यादा गिड़गिड़ाएं तो उन्हें अपने साथ ले जाइए और वोट देने के बाद घर वापस लाकर छोड़ दीजिए। अभी कमान संभालिए। चुनाव के लिए अब समय नहीं बचा है।' बता दें कि जनसुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के बाद मोकामा चुनावी उथल-पुथल का मैदान बन गया है। इस हत्याकांड में जदयू के प्रत्याशी अनंत सिंह को आरोपी बनाया गया और विपक्ष की मांग पर अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद से ललन सिंह ने मोकामा की कमान संभाल ली है। अनंत सिंह की उम्मीदवारी तो रद्द नहीं हुई, बल्कि ललन सिंह अनंत सिंह का बचाव कर रहे हैं कि उन्हें फंसाया गया है। उन्होंने सारे लोगों ने अनंत सिंह बनने की अपील की और अब सीधे-सीधे अपने विरोधी मतदाताओं को घर पर बंद रखने की धमकी दे रहे हैं। विपक्ष जिस वोट चोरी का डर पहले दिन से बिहार में दिखा रहा है, वह सच होता दिख रहा है। ललन सिंह के बयान वाले वीडियो को कांग्रेस, आरजेडी सभी ने पोस्ट किया और चुनाव आयोग से सवाल किए कि क्या वह इसमें कोई कार्रवाई करेगा। तब जाकर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस भेजा है और 24 घंटे में जवाब देने कहा है। लेकिन यहां चुनाव आयोग का ढीला-ढाला रवैया बता रहा है कि इसमें कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया जाएगा। जो बात विपक्षी दलों ने पहले देख ली, वह चुनाव आयोग को नजर क्यों नहीं आई।

भाजपा-जदयू की चुनावी रंगदारी को क्या चुनाव आयोग रोक पाएगा, यह गंभीर सवाल अब उठ रहा है।

# आसान नहीं बिहार का मैदान भाजपा के लिए

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार खत्म हो गया है और गुरुवार, 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। करीब तीन हफ्ते तक चले चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यधारा के मीडिया, खासकर टेलीविजन चैनलों की रिपोर्टिंग और इन चैनलों के लिए कथित ओपिनियन पोल करने वाली एजेंसियों के अनुमानों को मानें तो बिहार में एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वैसे मामला इतना आसान नहीं है क्योंकि जो पेशेवर पत्रकार बिहार जाकर वहां स्वतंत्र रूप से राजनीतिक हालात का जायजा ले रहे हैं, उनकी रिपोर्ट बताती है कि ज़मीनी हकीकत टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग और सर्वे एजेंसियों के अनुमानों से बिल्कुल अलग है।

पूरे चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के लिए ढिंढोरची की भूमिका निभाने वाला मीडिया बताता रहा है कि महागठबंधन बिखराव का शिकार है और उसकी पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा ठीक से नहीं हो पा रहा है। चुनाव की घोषणा के बाद जब एक सप्ताह तक राहुल गांधी बिहार नहीं पहुंचे तो बताया गया कि तेजस्वी यादव से मतभेदों के चलते राहुल ने बिहार के चुनाव से अपने को अलग कर लिया है, जिसकी वजह से उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों में महागठबंधन को लेकर जो उत्साह था, वह अब नदारद है। जब कांग्रेस की ओर से तेजस्वी को महागठबंधन की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पद का और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया तो सवाल खड़ा किया गया कि किसी मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित किया गया।

यह सही है कि महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

बहरहाल मीडिया ने महागठबंधन के खिलाफ माहौल बनाने में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी, बल्कि ऐसा करने में उसने एनडीए की पार्टियों के प्रवक्ताओं और अफवाहें फैलाने के लिए कुख्यात भाजपा के आईटी सेल को भी पीछे छोड़ दिया, लेकिन अभी तक मीडिया में एनडीए की पार्टियों में मचे घमासान को लेकर कोई चर्चा देखने-सुनने को नहीं मिली; और दूसरे दौर का मतदान खत्म होने तक भी नहीं मिलेगी।

हकीकत यह है कि महागठबंधन में मची खींच-तान तो देर से ही सही, मगर खत्म हो गई और उसकी सभी पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दूसरी ओर एनडीए के घटक दलों के बीच जैसे-तैसे सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद अभी तक परस्पर अविश्वास बना हुआ है। वे पार्टियां और उनके नेता अब चुनाव मैदान में भी एक-दूसरे को निबटाने और पुराना हिसाब चुकता करने में लगे हुए हैं। हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा आज तक अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी है। इस बार वह हर हाल में अपनी यह हसरत पूरी करना चाहती है, इसलिए उसकी पूरी कोशिश है कि जनता दल (यू) किसी भी सूरत में 50 से ज्यादा सीटें न जीत पाए। पिछली बार 2020 में भी भाजपा 74 सीटों के साथ एनडीए में सबसे बड़ी पार्टी थी, जबकि जनता दल (यू) को महज 43 सीटें ही मिली थी। इसके बावजूद भाजपा को मजबूरी में नीतीश को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। इस बार वह हर हाल में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से दूर रखना चाहती है।



अनिल जैन

> महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

यह बात नीतीश कुमार भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। इसीलिए वे चुनाव प्रचार में भाजपा से लगभग दूरी बनाए हुए हैं और सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए ही प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, उनकी पार्टी चिराग पासवान को सबक सिखाने के इंतजाम में भी जुटी है। पिछली बार चिराग ने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था कई सीटों पर जनता दल (यू) को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि ऐसा उन्होंने भाजपा के कहने पर किया था, सो नीतीश कुमार इस बार चिराग की पार्टी को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हरवा कर पुराना हिसाब चुकता करना चाहते हैं। उधर चिराग पासवान भी यही काम नीतीश कुमार और जीतनराम मांझी के साथ करने में जुटे हैं।

इस सबके अलावा भाजपा और जनता दल (यू) में आंतरिक कलह भी कम नहीं है। भाजपा में कई पुराने नेता सम्राट चौधरी को हारते हुए देखना चाह रहे हैं, तो वहीं जेडीयू में ललन सिंह और संजय झा की चाहत है कि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव किसी सूरत में जीत न पाएं। मगर इन सब बातों को भाजपा के प्रचारक की भूमिका निभा रहा मीडिया देखते-समझते हुए भी नजरंदाज कर रहा है।

इस पूरे सूरत-ए-हाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अच्छी तरह समझ रहे हैं, इसलिए हर बार की तरह उन्होंने इस बार खुद को दांव पर नहीं लगाया है। उनके चुनावी भाषणों से 'यह मोदी की गारंटी है' जैसे जुमले नदारद हैं। अलबत्ता स्तरहीन कटाक्षों और संवादों के मामले में वे अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर हमेशा की तरह नया रिकॉर्ड बनाते दिख रहे हैं। ऐसा करने में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित तमाम नेता भी पीछे नहीं हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह एनडीए के सहयोगी दल की भूमिका में काम करते हुए मूकदर्शक बना हुआ है।

हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे ज्यादा असर नहीं दिखा पाते हैं। सिर्फ 2014 का लोकसभा चुनाव अपवाद था, जिसमें भाजपा ने अकेले दम पर अभूतपूर्व जीत हासिल की थी। हालांकि उसकी भी अहम वजह यह थी कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थीं। फिर भी भाजपा को वह जीत सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बदौलत नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश किए गए विकास के गुजरात मॉडल और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मिली थी। उस चुनाव के डेढ़ साल बाद ही बिहार विधानसभा के चुनाव हुए थे, जिसमें लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर लड़े। कांग्रेस भी उनके गठबंधन में शरीक थी। भाजपा के चुनाव अभियान की कमान पार्टी के अध्यक्ष बन चुके अमित शाह ने संभाली थी। उस चुनाव में मोदी और शाह ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खूब प्रयास किए थे। उन्होंने सभाओं में यहां तक कहा था कि, 'अगर भाजपा हार गई तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।' फिर भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में भाजपा के साथ लड़ीं रामविलास पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टियों का तो सफाया ही हो गया था। उसके बाद विधानसभा का एक और लोकसभा के दो चुनाव भाजपा नीतीश कुमार के साथ ही लड़ी और किसी भी चुनाव में उसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जरुरत नहीं पड़ी। एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए नीतीश कुमार का नाम ही काफी था।

इस बार भी नीतीश भाजपा के साथ हैं लेकिन अमित शाह 2015 के चुनाव की तर्ज पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास में लगे हैं। जाहिर है कि भाजपा नीतीश कुमार के चेहरे का लाभ तो उठाना चाहती है लेकिन चुनाव अपने एजेंडे पर ही लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री पद से नीतीश को दूर रख सके। हालांकि नीतीश के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का एनडीए को नुकसान हो सकता है।

लगता है कि भाजपा को उस नुकसान का अहसास है और उसकी भरपाई के लिए ही वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा चला रही है। अगर ऐसा नहीं होता है तो 20 साल के बिहार सरकार के काम-काज और 11 साल के केंद्र सरकार के काम-काज पर वोट मांगा जाता और आगे के विकास का रोडमैप बिहार की जनता के सामने रखा जाता। लेकिन अमित शाह तीखे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले भाषण दे रहे हैं, जिसका नुकसान भी हो सकता है। वे मर चुके शहाबुद्दीन का जिक्र जगह-जगह अपने भाषणों में कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि शहाबुद्दीन के जीवनकाल में ही नीतीश कुमार ने ऐसी स्थिति कर दी थी कि लोग उनसे नहीं डरते थे। खगड़िया की सभा में अमित शाह ने कहा कि सैकड़ों बख्तियार खिलजी आ जाएं तब भी नालंदा को नहीं जला पाएंगे। हर सभा में वे घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं, जबकि इसका आंकड़ा कोई नहीं दे पा रहा है कि बिहार में एसआईआर होने के बाद कितने घुसपैठिए मिले।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

■ **कल्याणी शंकर**

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाएं भी प्रबल हैं।

भाजपा नेता पहले से ही जीत का दावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की है कि भाजपा-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये सर्वेक्षण पार्टियों और उनके नेताओं को प्रभावित करते हैं। ये नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता और मतदाताओं की धारणाओं पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस, वाम दलों और छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला इंडिया ब्लॉक, दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है।

स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोज़गार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमज़ोर कर रहा है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को जोड़ने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

> नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के स्टार प्रचारक नेताओं से काफ़ी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मतदाताओं, खासकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है, जो मुफ़्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोज़गार सृजित करने की योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक को 10,000 रुपये आवंटित किए हैं।

सी वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया, परन्तु उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए का बिहार भर में एक मज़बूत नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जनता दल (यूनाइटेड) जद(यू) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मज़बूत करने में मदद की है।

भाजपा ने जद(यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे हैं, और वित्तपोषण कोई समस्या नहीं है।

हालांकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और ज़मीनी समर्थन का अभाव है।

राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनके पास लगभग 30प्रतिशत मुस्लिम-यादव मतदाता हैं। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक कलह को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। परिवार के कुछ सदस्य कानूनी मुद्दों का सामना कर रहे हैं, जिनमें ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद के साथ गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब वह कांग्रेस के वफादारों का समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना बना रहे हैं।

उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालांकि, पार्टी को मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमज़ोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद से, कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से ज़्यादा सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद(यू) से उसका बीच सीधा मुकाबला है- ये सीटें मुख्यत: एनडीए के नियंत्रण में हैं।

भाजपा मुख्यत: शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सक्रिय है, जहां जनसंख्या लगभग 30प्रतिशत है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के कारण, उच्च जातियों का प्रभुत्व पिछड़े और हाशिए पर पड़े समुदायों तक उसकी पहुंच को सीमित करता है, जो बिहार जैसे राज्य में एक बड़ी ओबीसी और दलित आबादी के लिए एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के कई नेता बिहार में प्रचार कर रहे हैं।

एनडीए नीतीश कुमार के कल्याणकारी अनुभवों पर ज़ोर देता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देता है। युवा वोट और कुल मतदान प्रतिशत बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वोटवाइब के नवीनतम सर्वेक्षण में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, जिसमें महागठबंधन को 34.7प्रतिशत और एनडीए को 34.4प्रतिशत समर्थन प्राप्त है। जन सुराज को 12.3प्रतिशत समर्थन प्राप्त है, जबकि 8.4प्रतिशत लोगों को त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है।

यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके परिणाम का स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई नेताओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। अगर एनडीए 2025 के बिहार चुनावों में फिर से जीतता है, तो इससे भाजपा को 2026 के कई विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त बल मिलेगा।

इस समय नीतीश कुमार की हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है।

राहुल और प्रियंका गांधी को भी इस बार इंडिया ब्लॉक की जीत की अत्यंत आवश्यकता है। ये नतीजे चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटी पार्टियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## ललित सुरजन की कलम से



### स्वच्छ प्रशासन की चिंता

*'यूं देश में ऐसे अफसरों की कमी नहीं है, जिन्होंने अपने सरकारी कार्यकाल के अनुभव लिखे हैं। इनमें सबसे पहला नाम तो आर.एस. वी.पी. नरोन्हा का है जो मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव थे। सत्तर के दशक में प्रकाशित उनकी आत्मकथा का शीर्षक है- 'अ टेल टोल्ड बाइ एन इडियट।' इसमें उन्होंने बेहद रोचक शैली में निर्वाचित सरकार तथा अफसरशाही के आपसी व्यवहार को चित्रित किया है। श्री नरोन्हा की ख्याति एक बेहद सुलझे हुए ईमानदार, कर्मठ व कुशल अफसर की थी। वे चीफ सेक्रेटरी थे तब लूना या ऐसी किसी मोपेड से अपने घर से वल्लभ भवन आया करते थे। कहना होगा कि अपने समय में ऐसे गुणों वाले वे अकेले अधिकारी नहीं थे। यह बात और है कि वे अपने अनुभवों को लिपिबध्द कर गए।'*

*'मध्यप्रदेश में ही उनके बाद एक और मुख्य सचिव हुए श्री सुशीलचंद्र वर्मा। वे 1960 की शुरुआत में रायपुर में कलेक्टर थे। श्री वर्मा ने 1984-85 के आसपास 'एक कलेक्टर की डायरी' शीर्षक से अपने अनुभव लिखे जो उन दिनों देशबन्धु में धारावाहिक रूप से प्रकाशित भी हुए। श्री वर्मा की शैली भी बहुत रोचक और किस्सागोई थी। नरोन्हाजी की ही तरह वर्माजी ने भी रेखांकित किया कि अगर अधिकारी ठान ले तो वह भय अथवा राग से मुक्त होकर कैसे काम कर सकता है, और साथ ही साथ अपने अधीनस्थों को भी स्वच्छ वातावरण में काम करने के लिए प्रेरणा दे सकता है।'*

**(देशबन्धु में 7 नवम्बर 2013 को प्रकाशित)**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/blog-post.html**

## प्रकाश पर्व

### कुल तारण गुरु नानक आया

गीता में कहा गया है जब-जब धरा पर धर्म का नाश होने लगता है और पाप कर्म बढ़ जाता है तब-तब प्रभु अवतार धारण कर पापियों का नाश करने धरा पर आते हैं। ऐसी ही हालात इस देश की हो गई थी जब गुरु नानक देव जी का इस धरा पर आगमन हुआ था। भाई गुरुदास जी केअनुसार, राजे सिंह मुकदम के चमचे अधिकारीगण प्रजा को कष्ट पहुंचा रहे थे उसी समय नानक जी का धरा पर आना हुआ-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जगमाहि पठाइया।

गुरु नानक देव जी के आगमन पर संसार में पाप की चादर फैली हुई थी वह हट गई और हर तरफ ज्ञान रूपी प्रकाश फैलने लगा-

सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग चाणन होया।<br>
जिओ कर सूरज निकलिया तारे छपे अंधेर पलोया।<br>
गुरमुख कलविच प्रगट होआ।।

गुरु नानक देव का जन्म माता तृप्ता एवं पिता मेहता कालू कल्याणचंद के घर ननकाना साहिब (जो अब पाकिस्तान में है) में राए भोऐ की तलवंडी में कार्तिक पूर्णिमा को सन् 1469 में हुआ था। आपने अरबी, फारसी गुरमुखी ऊर्दू की पढ़ाई बचपन में कर ली थी। आप सभी काम कर लेते थे। गाय-भैंस चराना, खेती बाड़ी करना। आपके जीजा जयराम ने सुलतानपुर लोदी के नवाब दौलत खां के यहां नौकरी में लगा दिया पर वहां आपका मन निरंकार से ही जुड़ा रहा। एक बार आप के पिताजी ने 20 रुपए देकर कोई सच्चा सौदा करने भेजा। गुरुदेव को रास्ते में कुछ साधु मिले जो भूखे थे उनको भोजन हेतु 20 रुपए की खाने की सामग्री लाकर दान कर दिया यह सोचकर कि इससे सच्चा सौदा और क्या हो सकता है? इस कारण उन्हें पिता की डांट खानी पड़ी। आपने मोदी खाने की नौकरी छोड़ दी और जगह-जगह यात्राएं कर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन कराया। धर्म प्रचार हेतु कई जगह की यात्रा भी की।

आपका धर्म प्रचार करने का अंदाज भी निराला था। हरिद्वार में गंगा जी में पश्चिम दिशा में जल चढ़ाया और लोगों के पूछने पर आपने कहा कि मैं पंजाब में अपने खेतों में पानी डाल रहा हूं। लोगों ने हँसते हुए पूछा कि वहां पानी कैसे पहुंचेगा?

तब गुरुदेव ने कहा- जिस तरह पूर्व दिशा में सूर्य को हजारों मील दूर जल चढ़ाने से पहुंच सकता है उसी तरह मेरे पश्चिम में स्थित खेतों में जल चढ़ाने से पहुंचेगा उसी तरह। एक बार मक्का मदीना में काबे की तरफ पैर रखकर सो गए। काजी ने जब यह देखा तो पूछा कौन काफिर इस तरह सो रहा है। तब गुरुदेव ने कहा थका हुआ था सो उधर पैर रखकर सो गया। अब आप जिस तरफ खुदा न हो उधर मेरे पैर घुमा दीजिए। काजी ने गुस्से में गुरुदेव के पैर पकड़ कर चारों ओर घुमाना शुरु किया वे यह देखकर हैरान रह गए जिस तरफ आपके पैर रखता उधर ही काबा दिखाई देता। आपकी शिक्षा थी कि नाम जपो ते वंड छको।

घालि खाये किछ हथों देए नानक राह पछाजै से।

इस तरह आपने यह भी शिक्षा दी कि प्रभु परमात्मा की भक्ति करने हेतु वन कंदराओं में जाने की जरूरत नहीं है वरन गृहस्थ में रहकर अपने परिवार का उदर पोषण करना है और मन निरंकार के साथ जोड़े रखना है। इस बात को नामदेव ने इस प्रकार कहा है-

नामा कहै त्रिलोचना मुख ते नाम सम्भाल।<br>
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

गुरु नानक शाह फकीर हिन्दुओं के गुरु और मुसलमानों के पीर थे। आपने जीवन के आखिरी 18 साल करतारपुर में रहकर खेती बाड़ी भी की। यहीं पर भाई लहणा आकर मिले थे और उनकी सेवा करते उनकी हर आज्ञा का पालन करते थे इसी से प्रसन्न होकर उनको अपने अंग से लगा कर अंगद देव बना दिया। उन्हें शिक्षाएं देकर गुरता गद्दी देकर दूसरा नानक बना कर इस संसार से विदाई ली। आज उनका प्रकाश पर्व है।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### आंध्रप्रदेश के व्यंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कासीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब एकादशी की मौके पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। हिन्दू पर्व पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ घटना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौतें होती हैं। यह पहली और आखिरी घटना नहीं है हिन्दुओं के त्योहार पर मंदिर में भगदड़ मचने की घटना एक इत्तेफाक समझकर विस्मृत की जाती है। लेकिन ऐसी घटनाओं का जख्म दशकों तक नहीं भुलाया जा सकता । आंध्रप्रदेश के राज्य सरकार के मंत्री जिम्मेदारी से बचते नजर आए उन्होंने कहा कि यह मंदिर निजी स्वामित्व वाला है और सरकार के एंडोमेंट्स विभाग के अधीन नहीं आता। उन्होंने बताया कि मंदिर की क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन करीब 25 हजार श्रद्धालु एक साथ पहुंच गए। मंदिर प्रशासन ने न तो कोई विशेष व्यवस्था की और न ही सरकार को सूचना दी। गृह मंत्री ने कहा कि इस बार एकादशी और कार्तिक मास का शनिवार होने से भीड़ सामान्य से कहीं ज्यादा थी। इस तरह के जवाब तथा सरकार अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ती नजर आ रही है। दरअसल, ऐसी घटनाओं पर राज्य और जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2024 में हाथरस में हुई भगदड़ सबसे घातक थी, इसमें 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। तिरुपति मंदिर उत्सव के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। मुम्बई में बांद्रा टर्मिनल रेलवे स्टेशन में भगदड़ से करीब नौ लोगों की मौत हो गई।

हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को भयंकर भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैलाई थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान देर रात धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। इस दौरान नीचे जमीन पर सोए लोगों को भीड़ ने कुचल दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया था, इस दौरान भारी भीड़ जुटी थी और एक प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बना स्लैब नीचे गिर गया। इस हादसे में करीब 36 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के राजामंडी शहर में गोदावरी नदी के किनारे 'पुष्करम' उत्सव के दौरान भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ में 27 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ऐसे अवसरों पर सावधानी आवश्यक है, शासन प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए तथा जनता को भी संयम बरतना चाहिए ताकि जानमाल को नुकसान न हो।

**कांतिकुमार मांडोत, सूरत**

एसआईआर पर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला, शिवप्रकाश बोले-

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और घुसपैठियों को रोकने के लिए बढ़ा कदम



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना एसआईआर हैं। यह घुसपैठियों को रोकने बड़ा कदम हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक और जिम्मेदार मतदाताओं से होती है। यदि सूची में घुसपैठिए या अवांछित नाम जुड़ जाते हैं तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ती है। शिवप्रकाश ने कहा कि बिहार में हुए एसआईआर अभियान में 34 लाख फर्जी नाम हटाए गए, जो इस प्रक्रिया की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में विदेशी घुसपैठियों को मतदाता सूची से दूर रखना आवश्यक है, ताकि लोकतंत्र की पवित्रता बनी रहे।

शिवप्रकाश भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय में काम करते हुए एसआईआर की हर प्रक्रिया को गंभीरता से निभाना होगा। बूथ स्तर पर बीएलओ की भूमिका अहम है, इसलिए कार्यकर्ता अपने-अपने मंडलों में सक्रिय होकर सही मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाएं और फर्जी नाम हटवाएं। कार्यशाला के दौरान प्रदेश मंत्री व सह-संयोजक रजनीश अग्रवाल ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया और आवश्यक कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अभियान के प्रदेश संयोजक भगवानदास सबनानी ने किया। विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित कई प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

### एसआईआर किसी के खिलाफ नहीं : खण्डेलवाल

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने का आव्हान किया। खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर केवल चुनाव आयोग की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह संगठनात्मक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाना और फर्जी मतदाताओं को सूची से बाहर करना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने विपक्ष द्वारा एसआईआर का विरोध किए जाने को निराधार बताया और कहा कि यह किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में कदम है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता इस प्रक्रिया पर निर्भर करेगी। इसलिए संगठन के हर स्तर पर सामूहिक प्रयास और समन्वय जरूरी है।

ऑनलाइन ठगी मामलों में क्राइम ब्रांच इंदौर की प्रभावी कार्रवाई

# 12 करोड़ से अधिक की राशि वापस कराई

**भोपाल, देशबन्धु।** इंदौर कमिश्नरेट क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी और आर्थिक अपराधों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। इन निर्देशों के तहत क्राइम ब्रांच इंदौर की साइबर फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम को ऑनलाइन शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए लगाया गया है। इस क्रम में उल्लेखनीय सफलताएँ प्राप्त करते हुए—वर्ष 2025 में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने ऑनलाइन फ्रॉड से प्रभावित आवेदकों को कुल ?12 करोड़ 61 लाख 18 हजार 340 की राशि सफलतापूर्वक वापस कराई है।

जनवरी से अक्टूबर 2025 तक क्राइम ब्रांच को लगभग 4,500 साइबर फ्रॉड शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकांश मामलों में ठगी की रकम रिकवर कर आवेदकों को लौटाई गई।टीम द्वारा 1,500 से अधिक फर्जी बैंक खातों को फ्रीज कराया गया, 200 से अधिक हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट आदि को रिकवर कराया गया और 250 से अधिक फर्जी अकाउंट जो आवेदकों के नाम व फ़ोटो पर बनाए गए थे, ब्लॉक कराए गए। इन्वेस्टमेंट ऑनलाइन फ्रॉड (जैसे टास्क, ट्रेडिंग आदि) बैंक अधिकारी बनकर KYC अपडेट, रिवॉर्ड पॉइंट रिडीम, क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी, सेक्सटॉर्शन एवं रोमांस स्कैम के माध्यम से आर्थिक धोखाधड़ी। साथ हीसाइबर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लाखों नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताकर सतर्क किया गया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऑनलाइन माध्यम से होने वाले किसी भी प्रकार के फ्रॉड से सतर्क रहें। यदि आपके साथ किसी प्रकार की ठगी होती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cyber-crime.gov.in तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें।

वन मंत्री ने बैठक में दिए निर्देश

# वन अधिकार दावों के निराकरण में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है राज्य सरकार जनजातीय बंधुओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वन अधिकार संबंधी दावों के निराकरण में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा।

मंत्री डॉ. शाह मंत्रालय में वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की उप समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में वन ग्रामों में वन अधिकारों की मान्यता एवं वन ग्रामों के राजस्व गांव में परिवर्तन की संशोधित प्रक्रिया पर चर्चा हुई। टास्क फोर्स के सदस्यों के झाबुआ, खंडवा, बुरहानपुर और दमोह जिलों के भ्रमण के बाद की भी अनुशंसाओं पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों को विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया जाएगा। प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। वन अधिकार पत्र धारकों के दावों के लिए सैटलाइट इमेजरी पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाने की ताजा स्थिति एवं संपूर्ण डिजिटाइजेशन प्रक्रिया पर भी समिति ने विचार किया। सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन के ग्रामवार लंबित दावों की समीक्षा की गई। इसके अलावा उपखंड एवं ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों के प्रशिक्षण कैलेंडर पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी एवं प्रमुख सचिव जनजाति कार्य गुलशन बामरा एवं टास्क फोर्स के सदस्य उपस्थित थे।

विज्ञान संकाय में हासिल किया था प्रदेश में पहला स्थान

# वैष्णवी सरियाम को बालिका विज्ञान पुरस्कार



**भोपाल, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले की जनजातीय बेटी कु. वैष्णवी सरियाम ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना के अंतर्गत %बालिका विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित करते हुए, 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा यह पुरस्कार उन 10 जनजातीय वर्ग की बालिकाओं को दिया जाता है, जिन्होंने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित) में 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हों और प्रदेश में सर्वोच्च अंक अर्जित किए हों। राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा मूल अंक सूची और जाति प्रमाण-पत्र का गहन सत्यापन करने के बाद वैष्णवी को प्रथम स्थान के साथ पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### वैष्णवी ने अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से किया मुकाम हासिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी पांढुर्णा (छिंदवाड़ा) की छात्रा कु. वैष्णवी सरियाम के पिता विनोद सरियाम किसान हैं। माता गृहिणी होने के साथ सिलाई का कार्य करती हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वैष्णवी ने अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया। वैष्णवी ने 300 में से 284 अंक अर्जित कर विज्ञान संकाय के विषयों में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वर्तमान में वह घर पर रह कर जेईई मेन्स की तैयारी कर रही हैं। इस उपलब्धि पर कलेक्टर हरेंद्र नारायन और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सतेन्द्र सिंह मरकाम ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में भील जनजातीय चित्रकार बसंती ताहेड़ के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की मतदाताओं से अपील, कहा-

# मतदाता सूची की शुद्धता के लिए बीएलओ को सटीक जानकारी दें

### पहचान पत्र देखकर ही साझा करें जानकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में अपील की है। उन्होंने कहा कि जब बीएलओ आपके घर पहुंचे सहयोग करें, उन्हें सटीक व अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीईओ श्री झा ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर के तहत में बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और बीपीआईसी नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जांचे तथा पुष्टि करें।

श्री झा ने कहा कि यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ईआरओ) अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज़ मांगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएंगे, अतः नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।

उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है। उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। श्री झा ने बताया घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

# निर्वाचन आयोग ने 16 नगर निगम आयुक्तों को बनाया अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। इस संबंध में आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

श्री झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति पदाधिकारी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13CC के अंतर्गत की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, दिए निर्देश

# बाधाओं का किया जाए त्वरित निराकरण



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम) और 15वें वित्त आयोग अंतर्गत क्रियान्वित निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासनिक अड़चनों और ज़मीनी स्तर की बाधाओं का त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे सभी कार्य समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो सकें। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच सतत सामंजस्य और प्रगति की नियमित निगरानी से ही स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण और नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परियोजना की सतत समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि सभी कार्य तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरे हों। बैठक में एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित परियोजना प्रभारी उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर जताई चिंता, कहा-

# पुरुषों को जागरूक किया जाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि किशोरों के बीच वैवाहिक कलह और सहमति से बने संबंधों के मामलों में पॉक्सो अधिनियम का दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में पुरुषों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन विवेचना आवश्यक है।

जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रेप के दंडात्मक प्रावधानों और पॉक्सो एक्ट के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि महिलाओं के लिए एक बेहतर स्थान बनाया जा सके। शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर सुनवाई 2 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मामले में जवाब दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा द्वारा दायर याचिका पर केंद्र, केंद्रीय शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को नोटिस जारी किए थे। पोंडा ने कहा कि लोगों को बलात्कार से संबंधित कानूनों और निर्भया मामले के बाद ऐसे कानूनों में हुए बदलावों के बारे में जानकारी देने की आवश्यकता है।


## कार्यालय उप वनमंडल अधिकारी, उप वनमंडल तेन्दूखेड़ा (म.प्र.)

पता-तारादेही तिगड्डा रेन्ज कम्पाउन्ड तेन्दूखेड़ा जिला दमोह (म.प्र.)
Mob. No.-942479373751 E-mail-sdo-FTtendukhera@mp.gov.in

क्रमांक/सी.डी.एस/3149 तेन्दूखेड़ा दिनांक 31/10/2025

## निविदा सूचना (Tender Notice)

कलेक्टर महोदय, दमोह के आदेश क्रमांक/मैंटलडिस्/लि.व/2025/6071/1 दिनांक 11/02/2025 के अनुसार निम्न शासकीय भवन (संपत्ति)को कण्डम घोषित किया गया है तथा उक्त भवन को डिस्मेंटल (Dismantle) कर स्थल को समतल (Level) करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

| क्र. | भवन प्रकार | निर्माण वर्ष | प्लिंथ एरिया वर्ग मी. में | न्यूनतम निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिक्षेत्र अधिकारी आवास तेन्दूखेड़ा | 1948 | 239.40 | 57456/- |
| 2. | उप वन मंडल/परिक्षेत्र कार्यालय भवन तेन्दूखेड़ा | 1948 | 166.40 | 39936/- |
| 3. | अनुविभागीय अधिकारी आवास तेन्दूखेड़ा | 1948 | 207.90 | 58212/- |

इस संबंध में पात्र ठेकेदारों/एजेंसियों/व्यक्तियों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का विवरण:**

निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर भवन का पूर्ण डिस्मेंटल/तोड़-फोड़ कार्य कर स्थल को समतल एवं स्वच्छ करेंगे एवं भवन से प्राप्त होने वाली सभी उपयोगी सामग्री (Iron, Brick, Cement, आदि) निविदाकार अपने पास रखेगा। उक्त सामग्री का अधिकतम मूल्य विभाग को निविदा के रूप में अदा करना होगा।

**शर्तें:**

1. निविदा उसी व्यक्ति/संस्था से स्वीकार की जाएगी जो सक्षम एवं आवश्यक साधन-सामग्री सहित कार्य करने में समर्थ हो।
2. निविदाकार को स्थल का निरीक्षण कर निविदा राशि का निर्धारण करना होगा।
3. निविदाकार को प्रत्येक भवन हेतु पृथक फार्म भरना अनिवार्य है।
4. निविदा फार्म, उप वनमण्डल कार्यालय दमोह से निर्धारित शुल्क 100/- शासकीय मद 0406-01-800-0229 में जमा कर सफल चालान की प्रति प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते है, नगद राशि स्वीकार्य नहीं होगी।
5. निविदा राशि (भवन डिस्मेंटल मटेरियल का मूल्य) सीलबंद लिफाफे में ''भवन डिस्मेंटल भवन का नाम ................'' शीर्षक के साथ दिनांक 20 नवंबर 2025 को निर्धारित समय तक कार्यालय में जमा करनी होगी।
6. चयनित निविदाकार को आदेश निर्गमन की तिथि से 2 दिवस के अंदर निविदा राशि शासकीय मद 0406-01-800-0229 में जमा कर सफल चालान की प्रति प्रस्तुत कर आदेश की तिथि से 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करना होगा।
7. कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की हानि या दुर्घटना के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।
8. डिस्मेंटल कार्य के पश्चात स्थल को पूरी तरह समतल कर साफ-सुथरा सौंपना होगा।
9. विभाग द्वारा प्राप्त सर्वोच्च निविदा दर पर निविदा स्वीकार की जाएगी।

| निविदा जमा करने एवं खुलने का स्थान | फार्म जमा करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| उपवनमण्डल अधिकारी कार्यालय तेन्दूखेड़ा तारादेही तिगड्डा रेन्ज कम्पाउन्ड तेन्दूखेड़ा जिला दमोह म.प्र. | 20 नवम्बर 2025 समय दोपहर 2:00 बजे तक | 20 नवम्बर 2025 समय दोपहर 2:30 बजे तक |

अधिक जानकारी हेतु कार्यपालन अधिकारी/संबंधित अनुभाग अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

उप वनमण्डल अधिकारी
उप वनमण्डल तेन्दूखेड़ा

G-21008/25



## न्यायालय तहसीलदार सागर ग्रामीण जिला सागर

क्रमांक /441/ री.तह. ग्रामीण/2025
सागर दिनांक 23/10/2025

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता ग्राम खडेराखुर्द तहसील सागर को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड सागर द्वारा ग्राम खडेराखुर्द पटवारी हल्का नंबर 36 तहसील सागर की भूमि खसरा नंबर 16 रकवा 48.31 हे. में से 0.04 हे. भूमि सानौधा-2 बंडा समूह जल प्रदाय योजना के तहत उच्चस्तरीय टंकी निर्माण हेतु आवंटित किये जाने का आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सागर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 07/11/2025 को प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23/10/2025 को जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सागर ग्रामीण**



## मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

ई-ऑफर की सूचना www.mphousing.in/ www.mponline.gov.in कियोस्क पर उपलब्ध

**पूर्ण विकसित वसंत विहार कॉलोनी छतरपुर में युक्तियुक्तकरण के उपरान्त भवनों की कीमतों में भारी कमी करते हुये ई-ऑफर के माध्यम से एकमुश्त आधार पर नवनिर्मित Jr. HIG, Sr. MIG, Jr. MIG, EWS भवनों को खरीदने का सुनहरा अवसर (RERA Reg. No. P-CTR-17-915)**

ऑनलाइन ई-ऑफर दिनांक 04.12.2025 तक आमंत्रित

| क्र. | भवन का प्रकार | भवन क्रमांक | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | प्रति भवन कुर्सी का क्षेत्रफल (व.मी.) | अनुमोदित अपसेट मूल्य प्रति भवन (रु. लाख) | धरोहर राशि प्रति भवन (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/ GST सहित/ प्रति भवन) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JR. HIG | 41, 42, 43, 44, 45, 58, 59, 60, 61, 74, 77 | 142.50 | 70.72 | 30.74 | 6.15 | 1180/- |
| 2. | JR. HIG | 57 | 144.00 | 70.72 | 30.83 | 6.17 | 1180/- |
| 3. | JR. HIG | 46, 76 (BETTER LOCATION) | 142.50 | 70.72 | 31.13 | 6.23 | 1180/- |
| 4. | JR. HIG | 48 (CORNER + BETTER LOCATION) | 142.50 | 70.72 | 31.93 | 6.39 | 1180/- |
| 5. | Sr. MIG | 49, 50, 51, 53, 54, 55, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 79, 80, 81, 82, 83, 84 | 112.50 | 55.78 | 24.28 | 4.86 | 1180/- |
| 6. | Sr. MIG | 72 | 114.00 | 55.78 | 24.36 | 4.87 | 1180/- |
| 7. | Sr. MIG | 52, 56, 64 (CORNER) | 112.50 | 55.78 | 24.83 | 4.97 | 1180/- |
| 8. | Jr. MIG | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 13, 14, 15, 16, 17, 21, 22, 23, 24, 27, 28, 29, 30, 31 | 78.00 | 48.20 | 18.77 | 3.76 | 1180/- |
| 9. | Jr. MIG | 11, 18, 32 (CORNER) | 78.00 | 48.20 | 19.14 | 3.83 | 1180/- |
| 10. | Jr. MIG | 34, 35, 36, 37, 38, 92, 93 (BETTER LOCATION) | 78.00 | 48.20 | 18.96 | 3.79 | 1180/- |
| 11. | Jr. MIG | 39 (CORNER + BETTER LOCATION) | 78.00 | 48.20 | 19.34 | 3.87 | 1180/- |
| 12. | Jr. MIG | 89 | 78.00 | 48.20 | 18.83 | 3.77 | 1180/- |
| 13. | Jr. MIG | 90 (CORNER) | 112.80 | 48.20 | 21.00 | 4.20 | 1180/- |
| 14. | Jr. MIG | 94 (BETTER LOCATION) | 79.20 | 48.20 | 19.02 | 3.80 | 1180/- |
| 15. | Jr. MIG | 95 (CORNER + BETTER LOCATION) | 117.97 | 48.20 | 21.57 | 4.31 | 1180/- |
| 16. | Jr. MIG | 103 | 107.25 | 48.20 | 20.19 | 4.04 | 1180/- |
| 17. | Jr. MIG | 104 | 108.55 | 48.20 | 20.25 | 4.05 | 1180/- |
| 18. | Jr. MIG | 105 | 109.85 | 48.20 | 20.33 | 4.07 | 1180/- |
| 19. | Jr. MIG | 106 (BETTER LOCATION) | 111.31 | 48.20 | 20.65 | 4.13 | 1180/- |
| 20. | Jr. MIG | 107 (BETTER LOCATION) | 113.26 | 48.20 | 20.75 | 4.15 | 1180/- |
| 21. | Jr. MIG | 108 (BETTER LOCATION) | 115.37 | 48.20 | 20.86 | 4.17 | 1180/- |
| 22. | Jr. MIG | 109 (BETTER LOCATION) | 116.67 | 48.20 | 20.93 | 4.19 | 1180/- |
| 23. | Jr. MIG | 26 (CORNER) | 117.00 | 48.20 | 21.23 | 4.25 | 1180/- |
| 24. | EWS | 114, 119 | 41.40 | 24.30 | 7.90 | 1.58 | 590/- |
| 25. | EWS | 120 | 40.05 | 24.30 | 7.85 | 1.57 | 590/- |
| 26. | EWS | 127 (CORNER) | 40.05 | 24.30 | 8.01 | 1.60 | 590/- |
| 27. | EWS | 116, 118, 122, 128, 129, 130, 131, 132, 133 | 40.05 | 24.30 | 7.86 | 1.58 | 590/- |
| 28. | EWS | 136, 137, 139, 140, 141 (BETTER LOCATION) | 40.50 | 24.30 | 7.97 | 1.59 | 590/- |

**अटल आश्रय अमलतास कॉलोनी छतरपुर जिला छतरपुर में एक मुश्त आधार पर व्यावसायिक दुकानों को ऑफर के माध्यम से क्रय करने का सुनहरा अवसर**

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | दुकान क्रमांक एवं विवरण | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | फ्लोर एरिया (व.मी.) | अपसेट मूल्य प्रति दुकान (रु. लाख) | धरोहर राशि (प्रति भवन/रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/प्रति दुकान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | व्यावसायिक | दुकान क्रमांक-5 (कार्नर) | - | 13.23 | 8.04 | 1.61 | 1770/- |
| 2. | व्यावसायिक | 2, 3, 6, 7, 9, 10, 11, 12 | - | 13.23 | 7.31 | 1.46 | 1770/- |

**नोट :-** (1). ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी www.mphousing.in/www.mponline.gov.in कियोस्क पर उपलब्ध। (2). ऑफर स्वीकृति उपरान्त यदि भूखण्ड/भवन/दुकान नहीं लेते हैं तो धरोहर राशि की 50 प्रतिशत की राशि कटौती कर शेष राशि वापिस की जावेगी। (3). मण्डल/शासन के नियम/शर्तें लागू। (4). धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (5). ऑफर आई.डी. रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी। (6). संपत्ति क्रय करने हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से आसानी से ऋण लेने की विशेष सुविधा उपलब्ध।

**ऑनलाइन ऑफर आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 04.12.2025 शाम 5.00 बजे तक। • ऑफर डालने की अंतिम तिथि 05.12.2025 शाम 5.00 बजे तक। • ऑफर खोलने की तिथि 08.12.2025 शाम 3.00 बजे तक।**

**नोट :- दिनांक 08.12.2025 के उपरांत संपत्ति रिक्त रहने पर अविक्रित संपत्ति के लिये ऑफर जारी रहेंगे एवं ऑफर की सुविधा दिनांक 31.12.2025 तक उपलब्ध रहेगी।**

संपर्क :- बी.पी. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक, छतरपुर) मो. 9826025754, एम.एल. अहिरवार (संपदा अधिकारी, संभाग छतरपुर) मो. 9340076021, MP Online Helpline 0755-4019400

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

**पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।**

Follow us on /mphidb /mphidb

म.प्र. माध्यम/122836/2025

## सार समाचार

### पपौरा में वार्षिक मेला और रथोत्सव आज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पपौरा जी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला एवं रथोत्सव का कार्यक्रम बुधवार 5 नवंबर को होगा। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 7 बजे से भगवान बाहुबली स्वामी का महामस्तकाभिषेक होगा एवं दोपहर 4 बजे से रथोत्सव, आरती एवं शास्त्र प्रवचन , रात्रि में विशेष आरती होंगी।

### नशे में युवक को दिया धक्का देने पर शराबी की कर दी पिटाई

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बा में बीती सोमवार की शाम को फरियादी ने शराब के नशे में मुहल्ले के एक युवक को धक्का दे दिया, जिस पर युवक व उसके भाई ने मिलकर ने फरियादी शराबी युवक की मारपीट कर दी। इस घटना में फरियादी को चोट आ गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिगौड़ा कस्बा के गडरयाना मुहल्ले में फरियादी आकाश पिता तुलसीदास अहिरवार उम्र 24 साल सोमवार की शाम 7 बजे शराब के नशे में अपने घर जा रहा था। रास्ते में उसने मुहल्ले के आनंद अहिरवार को धक्का दे दिया, जिस पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर आनंद व उसके भाई सचिन अहिरवार ने मिलकर आकाश की लाठी डंडे से मारपीट कर दी, जिससे उसको चोट आ गई। फरियादी आकाश की रिपोर्ट पर पुलिस ने आनंद व सचिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। एमएलसी के दौरान फरियादी आकाश ने रात को अस्पताल में जमकर हंगामा किया, जिस पर थाने में अन्य पुलिसकर्मी अस्पताल में पहुंचे और उन्होंने स्थिति को संभाला।

### ऑफलाइन टेंडर में अवर सचिव के पत्र की अनदेखी का आरोप

# ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता, मामले में जांच के आदेश

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग में ऑफलाइन टेंडर प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं के मामले में कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तक भी पहुंच गई है, जहां यह एल 3 स्तर पर लंबित है। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ नवनीत धुर्वे को पत्र जारी कर ऑफलाइन टेंडर के माध्यम से दिए गए ठेकों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय में दर्ज शिकायत एल3 स्तर पर पहुंच गई है, जिस पर विभाग के सागर में पदस्थ अधीक्षण यंत्री (एसई) को कार्रवाई करनी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अवर सचिव शोभा निकुम ने 7 नवंबर 2024 को एक पत्र जारी किया था। इस पत्र में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में सभी निविदाएं ई-टेंडरिंग के माध्यम से आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए थे। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया था कि 10 लाख तक के कार्यों के लिए अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित करने में ई-टेंडरिंग की अनिवार्यता से विशेष परिस्थितियों में छूट मिल सकती है।

हालांकि, ऐसी स्थिति में संभागीय आयुक्त कलेक्टर और अधीक्षण यंत्री का अनुमोदन आवश्यक है। आरोप है कि टीकमगढ़ में इन निर्देशों की अनदेखी की गई। आरटीआई कार्यकर्ता शुभम व्यास ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच के निर्देश जारी हुए हैं। शुभम व्यास ने आरोप लगाया है कि पूर्व प्रभारी कार्यपालन यंत्री अर्पित चौधरी और निविदा लिपिक ने नियमों का उल्लंघन करते हुए ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित कीं, जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई। यह खुलासा सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मिली जानकारी से हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार, चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए सांठगांठ की गई पीएम श्री विद्यालय योजना, खेल मैदानों, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन कोर्ट, मरम्मत और शौचालय निर्माण जैसे कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं होने का आरोप है।




शासन के नियमों के विपरीत ऑफलाइन निविदाएं बुलाकर आर्थिक लाभ अर्जित किया गया। आरटीआई जानकारी बताती है कि जहां अधिकांश कार्य ई-टेंडरिंग से 24 से 35 प्रतिशत कम दरों पर हुए, वहीं अजनौर, आचार्य धाम, कंजना, देरी, अनंतपुरा और स्यावनी जैसे गांवों में जानबूझकर ऑफलाइन निविदाएं आमंत्रित की गईं। आरोप है कि एक ही योजना के तहत समान प्रकृति के कार्यों को छोटे-छोटे भागों में तोड़कर अलग-अलग ऑफलाइन निविदाएं बुलाई गईं, जबकि नियमों के अनुसार ऐसे कार्यों की एक ही निविदा जारी होनी चाहिए। ग्राम अनंतपुरा और स्यावनी में पांच-पांच लाख रुपये के खेल मैदान निर्माण कार्यों को तीन भागों में बांटा गया।

आरोप है कि एक ही योजना के तहत समान प्रकृति के कार्यों को छोटे-छोटे भागों में तोड़कर अलग-अलग ऑफलाइन निविदाएं बुलाई गईं, जबकि नियमों के अनुसार ऐसे कार्यों की एक ही निविदा जारी होनी चाहिए। ग्राम अनंतपुरा और स्यावनी में पांच-पांच लाख रुपये के खेल मैदान निर्माण कार्यों को तीन भागों में बांटा गया। इसी तरह, अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चंदेरा और कन्या छात्रावास डुंडा में भी मरम्मत कार्यों की निविदाएं ऑफलाइन बुलाकर मनचाहे ठेकेदारों को दी गईं। वर्तमान कार्यपालन यंत्री देवानंद शुक्ला का कहना है कि जल्दी काम करने के लिए ऑफलाइन टेंडर लगाए गए। ऑफलाइन टेंडर नहीं लगाए जा सकते, ऐसा कोई सख्त नियम नहीं है।

# 2 महिलाओं के ठेकेदार ने करीब 4 लाख हड़पे

### 4 साल पहले मकान बनाने दिए थे पैसे, नपा अध्यक्ष से शिकायत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। दो महिला हितग्राहियों ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार से लिखित शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक ठेकेदार ने उनसे मकान बनाने के नाम पर पैसे लिए, लेकिन चार साल बाद भी उन्हें आवास नहीं मिला है।

महिलाओं ने बताया कि उन्हें वर्ष 2021 में बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास के लिए राशि उनके खातों में मिली थी। ठेकेदार ललित अहिरवार ने मकान बनाने का आश्वासन देकर यह राशि ले ली थी। अब ठेकेदार पैसे वापस करने से भी इनकार कर रहा है। दोनों महिलाएं झाड़ू-बर्तन का काम करके गुजारा करती हैं और किराए के मकान में रह रही हैं।

वार्ड नंबर 24, नारगुड़ा दरवाजा मोहल्ला निवासी कमला जोशी ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास स्वीकृत हुआ था। निकाय से 2 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी, जिसमें से उन्होंने 1.90 लाख रुपये ठेकेदार ललित अहिरवार को 14 अप्रैल 2021 को 50 रुपए के स्टांप पर लिखित रूप में दिए थे। उन्हें आज तक मकान नहीं मिला है।

इसी तरह, वार्ड 24 निवासी रानो पत्नी राजू रैकवार ने बताया कि उन्होंने 23 सितंबर 2021 को ठेकेदार ललित अहिरवार को बीड़ी मजदूर कॉलोनी में आवास निर्माण के लिए 1.85 लाख रुपए लिखित रूप में दिए थे। ठेकेदार ने उन्हें भी अब तक मकान नहीं दिया है और अब कह रहा है कि वह आवास का निर्माण नहीं कर रहा है।

दोनों महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर आवास दिलाने और ठेकेदार ललित अहिरवार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा है कि महिलाओं की शिकायत पर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए पत्र जारी किया गया है।

# मांग पूरी होने पर वरिष्ठ समाजसेवी ने तोड़ा अनशन

### जैन मंदिर के धर्मशाला के सामने की भूमि है शासकीय



**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** कस्बा के बस स्टैंड पर सोमवार की दोपहर को वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए थे। देर रात को तहसीलदार व थाना प्रभारी उनके पास पहुंचे और तहसीलदार ने उनको लिखित में बताया कि जैन धर्मशाला के सामने वाली जमीन शासकीय भूमि है और उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया, जिस पर वरिष्ठ समाजसेवी ने आमरण अनशन समाप्त कर दिया।

विदित है कि दिगौड़ा के मुख्य बाजार में स्थित जैन धर्मशाला के सामने की भूमि शासकीय है या निजी एवं उक्त भूमि पर बनी दीवाल हटाने को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर सोमवार की दोपहर दोपहर 1:30 बजे से बस स्टैंड पर आमरण अनशन पर बैठ गए थे। इस अनशन में कई ग्रामवासियों द्वारा उनका सहयोग किया गया व इस दौरान उपस्थित भी रहे। देर शाम को आमरण अनशन पर तहसीलदार प्राची जैन पहुंची थीं। उन्होंने समाजसेवी से अनशन तोड़ने की अपील की थी, लेकिन समाजसेवी तैयार नहीं हुए।

इसके बाद रात करीब 10 बजे तहसीलदार प्राची जैन व थाना प्रभारी मनीष मिश्रा फिर से अनशन स्थल पर पहुंचे। वहां पर तहसीलदार ने लिखित में समाजसेवी को बताया कि जैन धर्मशाला के सामने की खसरा नंबर 716 की जमीन शासकीय है। इस पर समाजसेवी ने वहां से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा, तब तहसीलदार ने उनको आश्वासन दिया। इसके बाद समाजसेवी अनशन तोड़ने को राजी हो गए और तहसीलदार व थाना प्रभारी ने समाजसेवी को दूध पिलाकर अनशन समाप्त करा दिया। इस दौरान कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

### नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य शुरु न होने पर संभागायुक्त ने जताई नाराजगी, कहा

# निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी किए जाएं

**पोषण पुनर्वास केन्द्रो में कुपोषित बच्चों का प्रवेश प्राथमिकता से कराएं**

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** संभागायुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य शुरु न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। संभागायुक्त ने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए हैं कि वे नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण में आ रहे गतिरोध की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों के संज्ञान में लाएं तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से प्रारंभ कराएं।



संभागायुक्त ने यह निर्देश आज महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास को दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में अप्रारंभ आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण प्रक्रिया में गति लाई जाए। बैठक में संभागायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अति-महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इस योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा पन्ना जिलों में योजना की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थिति में सुधार लाया जाए। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों की सतत रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में कमिश्नर द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना तथा लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग बी.एल. प्रजापति, संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लापरवाह डॉक्टर कर रहे कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का व्यवहार

**एएनएम ने लगाए गंभीर आरोप**

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिगौड़ा के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास की एएनएम द्वारा दिगौडा अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर पर लापरवाही करने व कर्मचारियों से अभद्र भाषा में व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। एएनएम द्वारा मीडिया को अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की फोटोकॉपी दी गई है, जिसमें अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के एक नवंबर से आज 4 नवंबर तक हस्ताक्षर नहीं हैं, वह अस्पताल भी नहीं आए हैं। एएनएम ने आरोप लगाए कि वह जिस दिन अस्पताल में आएंगे, उसी दिन पूरे दिनों के हस्ताक्षर एक साथ ही कर देंगे।

बम्होरी अस्पताल में पदस्थ एएनएम अरुणा पटेरिया ने आरोप लगाते हुए बताया है कि दिगौड़ा अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर तेजकरण विश्वकर्मा हैं जो लगातार 8 दिन तक अपनी डयूटी पर नहीं आते है और जब भी आते है तो महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों से अभद्र भाषा में डांट फटकार करते हैं और खुद कई दिनों तक अस्पताल में अनुपस्थित रहते हैं। यह डॉक्टर फील्ड की महिला कर्मचारियो को भी परेशान करते हैं और उनसे अभद्रता का बोलचाल करते हैं।





एएनएम पटेरिया ने आगे कहा कि वह बम्होरी अस्पताल में पदस्थ हैं और वहीं मुख्यालय पर ही करीब 50 साल से निवास करती है। डॉक्टर विश्वकर्मा बम्होरी अस्पताल में मेरी अनुपस्थिति दिखाकर नोटिस देकर दवाव डालते हैं और बहुत ही अभद्र भाषा मे बात करते हैं। एएनएम पटेरिया ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि दिगौड़ा अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर को यहां से हटाया जाए और महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों से अभद्र भाषा में डांट फटकार करने पर कार्रवाई की जाए।

### 11वीं के छात्र को लाठी से पीटा, मामला दर्ज

**दिगौड़ा, देशबन्धु ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्मा ताल में सोमवार की देर शाम को पीड़ित छात्र के साथ गांव के एक व्यक्ति ने लाठी से मारपीट कर दी। बताया जा रहा है यह विवाद पुरानी बुराई को लेकर हुआ। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बर्माताल में पीड़ित छात्र राजा घोष पिता बालक दास घोष जो कक्षा 11वीं में पढ़ता है। वह सोमवार की शाम करीब 7 बजे अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी गांव का रहीश घोष आया और छात्र से पुरानी बुराई पर विवाद करने लगा। छात्र राजा ने विवाद करने से मना किया तो रहीश ने उसकी लाठी से मारपीट कर दी। घटना में छात्र को चोट आ गई। पीड़ित छात्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने रहीश घोष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# सीईओ ने महिला समूह को दिया कारण बताओ नोटिस

### मध्यान्ह भोजन वितरण में मिली थी अनियमितताएं

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत डिकोली के महिला स्व. सहायता समूह को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यह पत्र 31 अक्टूबर को जारी किया गया था और तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। पत्र में उल्लेख है कि 31 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिकोली एक साल एक परिसर मैं संचालित मध्यान भोजन के समूह का निरीक्षण किया गया जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई। जिसमें महिला रसोइयों के द्वारा बताया गया कि मात्र 50 से 60 बच्चों का भोजन तैयार किया जाता है जबकि स्कूल में 124 छात्र-छात्राओं की संख्या दर्ज है जिस हिसाब से 74 बच्चों का भोजन कम बनना पाया गया है, साथ ही सब्जी गुणवत्ताहीन थी, जिसमें पानी की मात्रा अधिक पाई गई मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी कहा कि अक्सर इसी प्रकार गुणवत्ताहीन खाना बच्चों को खिलाया जाता है। जिस पर सीईओ जनपद पंचायत टीकमगढ़ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्यों न आपके समूह से पीएम पोषण कार्य से पृथक कर अन्य पात्र महिला समूह या फिर शाला प्रबंध समिति को सौंपा जाए, जिस पर 3 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा है ।



### भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज ने निकाला जुलूस

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आज मंगलवार को सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने सिंधी धर्मशाला से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकाला और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जोहार क्रांतिकारी सेना पार्टी के अमित बघेल के खिलाफ मामला दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

सिंधी समाज के अध्यक्ष दीपक कुमार रामचंदानी ने बताया कि 26 अक्टूबर 2025 को रायपुर, छत्तीसगढ़ में अमित बघेल ने भगवान झूलेलाल साई के बारे में अपशब्दों का प्रयोग कर समाज की भावनाओं को आहत किया। समाज का आरोप है कि बघेल ने अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए यह टिप्पणी की।

### संभागायुक्त ने समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन, नगर निवेश और श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# सीएम हेल्पलाइन में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों पर करें सख्त कार्रवाई

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में संचालित दीनदयाल रसोई और मोबाइल रसोई योजना का क्रियान्वयन और अधिक बेहतर और पारदर्शी ढंग से करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। संभागायुक्त ने कहा कि इस योजना के तहत गरीब और कमजोर तबके के लोगों को सस्ते दरों पर भोजन मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का सागर संभाग में प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने मोबाइल रसोई योजना का भी बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने कहा कि मोबाइल रसोई योजना मजदूरी करने वाले लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक अच्छी योजना साबित हुई है। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाए तथा मजदूरों को उनके कार्य स्थल पर स्वच्छ और शुद्ध भोजन सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया जाए।



आयुक्त सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज नगरीय प्रशासन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय क्षेत्रों में आश्रय शालाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि आश्रय शालाओं में अच्छी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। आश्रय शालाओं में रहने वाले लोगों का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाए। समीक्षा के दौरान संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ने बताया कि सागर संभाग में 20 दीनदयाल रसोई घर संचालित हैं जिससे चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 6 लाख 29 हजार लोगों को सस्ते दरों पर भोजन मुहैया कराया गया है। वहीं सागर संभाग में मोबाइल रसोई के माध्यम से 88 हजार से अधिक लोगों को सस्ते दरों पर भोजन मुहैया कराया गया है।

बैठक में नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की सतत मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने दमोह, पन्ना और निवाड़ी के नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत सड़कों का निर्माण गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग को सीएम हेल्पलाइन योजना के तहत प्राप्त शिकायतों की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, उप संचालक नगरीय प्रशासन, जिला श्रम पदाधिकारी एवं नगर निवेश विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### हितग्राहियों के कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

# तहसील भवन में शिफ्ट हुआ तहसील न्यायालय

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बा में पिछले एक साल से निर्मित नवीन तहसील भवन में आज तहसील न्यायालय दिगौड़ा के समस्त कार्य मंगलवार से शुरू कर दिए गए हैं। किले के मैदान के पास पुराने तहसील भवन से तहसील कार्यालय का पूरा सामान यहां पर सोमवार को ही शिफ्ट कर दिया गया था। आज मंगलवार की सुबह से नवीन तहसील भवन में सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। कथा में तहसीलदार प्राची जैन बैठी थीं, उनके द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद तहसील न्यायालय के अंतर्गत होने वाले सभी कार्य नवीन तहसील भवन में आज से प्रारंभ कर दिए गए हैं।

तहसीलदार प्राची जैन ने बताया है कि दिगौड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों की जनता को सूचना दी जाती है कि तहसील कार्यालय दिगौड़ा का न्यायालय किले के पास से स्थानांतरित होकर नवीन तहसील भवन थाना दिगौड़ा के पास आज मंगलवार से पहुंच चुका है। यहां पर आज दिनांक 4 नवंबर से तहसील कार्यालय अनवरत रूप से संचालित किया जाने लगा है। आज से नवीन तहसील भवन का शुभारंभ होने पर वरिष्ठ समाज सेवी रमाशंकर पस्तोर बद्री प्रसाद दुबे, बद्री प्रसाद दुबे, ज्ञानेंद्र सोनकिया, त्रिलोक तिवारी, ब्रजकिशोर यादव, राजू पटेरिया, राजकुमार शुक्ला, एडवोकेट सूर्य नारायण राय सहित दिगौड़ा व क्षेत्र के कई लोगों ने खुशी जताई है।



इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पस्तोर ने बताया है कि यह तहसील भवन एक साल पहले बनकर पूरी तरह से तैयार हो चुका था। आज इस तहसील भवन का शुभारंभ किया गया है, जिसको लेकर हार्दिक प्रसन्नता है। अब दिगौड़ा व क्षेत्र के किसानों व हितग्राहियों को अपने तहसील संबंधित कार्य करवाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ा पड़ेगा। किले के मैदान पर बहुत ही संकीर्णता थी और हितग्राहियों के कार्य करने में अधिकारी व कर्मचारियों को भी काफी परेशानी होती थी। विदित है कि वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा तहसील भवन के निर्माण लिए कई बार आवेदन, ज्ञापन व अनशन किए गए जिसके परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश सरकार द्वारा यहां पर करोड़ों की लागत से नवीन तहसील भवन का निर्माण किया गया था जिसका आज से आरंभ हो गया है।

# महिला की संदिग्ध मौत: जहरीला पदार्थ खाने से दम तोड़ा

**पन्ना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में एक 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। अमानगंज थाना क्षेत्र के मोहार गांव में रहने वाली खेमती बंजारा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। महिला ने शुक्रवार, 4 नवंबर की सुबह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

शौच के लिए गई थी, वापस आने पर बताया– 'मैंने जहर खा लिया है' महिला के पति रामनारायण बंजारा ने बताया कि गुरुवार दोपहर उनकी पत्नी शौच के लिए घर से निकली थीं, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटीं। जब बच्चों ने उन्हें खोजा, तो वे पास के खेत में मिलीं और बताया कि उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया है। परिवार ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

पति का कहना है कि खेमती मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और कई बार पहले भी अवसाद जैसी स्थिति में आ चुकी थीं।

**भाई ने पति के बयान पर उठाए सवाल, हत्या की आशंका जताई :** हालांकि, मृतका के भाई हरदा बंजारा ने पति के बयान पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि खेमती की शादी को 13 साल हो चुके थे और उनके तीन छोटे बच्चे हैं। ऐसे में मानसिक विक्षिप्तता की बात उन्हें झूठी लगती है।

भाई का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने परिवार को खेमती की मौत की सूचना नहीं दी, बल्कि अन्य रिश्तेदारों से यह खबर मिली। उन्होंने कहा कि या तो बहन को प्रताड़ित किया गया या जबरन जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**पुलिस ने शुरू की जांच, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज :**

अमानगंज थाना पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल मामला संदिग्ध मौत के रूप में दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। पुलिस पति, ससुराल पक्ष और मृतका के मायकेजनों के बयान दर्ज कर रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह की संभावना से भी इनकार नहीं किया गया है।

**ग्रामीणों में चर्चा, महिला सुरक्षा पर उठे सवाल :**

घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों ने कहा कि महिला के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की बात पहले कभी सामने नहीं आई थी। वहीं, स्थानीय सामाजिक संगठनों ने इस मामले को महिला सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील विषय बताया है और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## सार समाचार

### बंदियों के बीच आध्यात्मिक भावना जागृत करने होगी जेल में रामकथा

**दमोह देशबन्धु।** जिला जेल दमोह में बंदियों के बीच आध्यात्मिक भावना जागृत करने के उद्देश्य से पंच दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 5 नवम्बर से 10 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पं. पूज्य राघव प्रिया जी महाराज (चित्रकूट धाम) अपने श्रीमुख से प्रवचन देंगे। जेल अधीक्षक ने बताया कि कथा कलश यात्रा 5 नवम्बर को दोपहर 1 बजे जेल परिसर स्थित शिव–शनि मंदिर से कथा स्थल तक निकाली जाएगी। इसके पश्चात 5 से 9 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्री रामकथा का प्रवचन होगा। कार्यक्रम का समापन 10 नवम्बर को हवन, पूर्णाहुति, कन्या भोजन एवं भण्डारा के साथ किया जाएगा।

### औषधि निरीक्षक ने दवा बाजार किया औचक निरीक्षण



**दमोह देशबन्धु।** औषधि निरीक्षक द्वारा टंडन बगीचा स्थित दवा बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामाकेम, श्रीनाथ फर्मा, आर.के. ट्रेडर्स एवं माया मेडिकोज की गहन जांच की गई। इस दौरान कोडीन युक्त एवं नारकोटिक श्रेणी की दवाइयों के क्रय–विक्रय की जांच की गई साथ ही अबॉर्शन किट की उपलब्धता एवं विक्रय की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आर.के. ट्रेडर्स से गुजरात टेरेस कंपनी की तथा माया मेडिकोज से नौकनील कंपनी की कुछ दवाओं के सैंपल जांच हेतु लिए गए। औषधि निरीक्षक ने सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया कि केवल लाइसेंसधारी व्यक्ति ही औषधियों का विक्रय करें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जनसुनवाई में 166 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 166 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय–सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 12 आधार कार्ड सेवा, 05 पशुपालन, 05 पीएम सम्मान निधि, 02 श्रम विभाग, 12 महिला एवं बाल विकास, 01 जिला व्यापार एवं 120 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सांची में 11 को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा संगम मेला

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 11 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत सांची में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 11 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, नाहर कम्पनी लिमिटेड मंडीदीप, वर्धमान यॉन मण्डीदीप, इंसुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप, यश्यवी ग्रुप मण्डीदीप, सागर मेनिफेक्चर तामोट, होम हेल्प सेंटर रायसेन, हकाई सिकरोटी मण्डीदीप, आर सेठी रायसेन, वोल्वो आयशर वगरोदा, टाटा मोटर्स अहमदावाद जिला रायसेन द्वारा विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

# डीएपी उर्वरक के अधिक रेट पर छापा



दमोह देशबन्धु। सैफी खाद बीज भंडार पथरिया की कृषक द्वारा डीएपी उर्वरक के अधिक रेट पर विक्रय की शिकायत की गई थी। शिकायत को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा तुरंत संज्ञान में लिया गया तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायत की जांच के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंच कर संपूर्ण प्रकरण की जांच की गई। शिकायत सही पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए दुकान एवं गोदाम पर उपलब्ध संपूर्ण रासायनिक उर्वरक को जप्त कर सील बंद किया गया एवं आगे की कार्यवाही की गईस साथ ही अधिकारियों द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई।

# किसानों को गुमराह कर रही भाजपा सरकार : सिंह



**दमोह देशबन्धु।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट के सामने जिले के किसानो को खाद बीज समय पर उपलब्ध न होने एवं समर्थन मूल्य न मिलने के कारण धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल से किसान विरोधी सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष दीवान अमर सींग ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा किसानो को कहा गया संबंधित विभाग खाद बीज की उपलब्धता उनकी पंचायतो के माध्यम से करायेगी किंतु ऐसा आदेश अबतक उन्हें जैसी जानकारी है अब तक किसी पंचायतो को नहीं मिला।

पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि किसानों के परिवार महिलाये बच्चे उनके रिश्तेदार तक लाइन में लगे हुए है किंतु लाइन में लगे लगे उन्हें भी निराशा हाथ में लगती है। रजनी ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, नितिन मिश्रा, डीपी पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विक्रम ठाकुर, शमीम कुरैशी, अजय जाटव, दिनेश रैकवार ने भी धरना को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के ही केन्द्र में कृषि मंत्री है किंतु जिस प्रकार उन्होनें प्रदेश में सीएम रहते हुए झूठ पर झूठ बोला उसी प्रकार वह केन्द्र में जाकर कर रहे है किसानों की आय दुगोनी तो दूर अब आय आधी रह गई है। इस अवसर पर दीवान चन्द्रभान सिंह, शत्रुघन सिंह, अमित बुधौल्या, पप्पू कुशवाहा, गोपाल रैकवार, मानक अहिरवार, सुनील सिंह, पप्पू काछी सहित अनेको किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहीं।

# कलेक्टर को छात्रावास के निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताएं

- अधीक्षिका सोनी को हटाया पटेरिया को दिया प्रभार

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर ऊषा परमार ने गत दिवस शासकीय अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास पन्ना का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अनेक अनियतिताएं देखने को मिली। जिसके बाद उन्होंने तत्काल प्रभाव से अधीक्षिका कृष्णा सोनी को हटाकर वंदना सोनी को छात्रावास का प्रभार दे दिया। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान छात्रावास परिसर के साथ ही शौचालय में साफ–सफाई का अभाव देखने को मिला।

छात्राओं द्वारा समय पर की गई मांग के बावजूद अधीक्षिका द्वारा संतुष्टिपूर्ण उत्तर नहीं देने और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने की बात भी सामने आई। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती कृष्णा सोनी को वर्तमान पद से हटाकर तत्काल प्रभाव से शासकीय अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय छात्रावास पन्ना का कार्यभार अस्थाई रूप से अधीक्षक वंदना पटेरिया को दिया गया है। आदेश सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी कर इसकी सूचना संबंधितों को भेज दी है। इस साथ ही छात्राओं को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने की हिदायत भी कलेक्टर ने दी है।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत आज से की गई है। इस कार्य के तहत जिले के 88 मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ अपने–अपने क्षेत्रों में जाकर गणना प्रपत्र (फार्म) का वितरण कर रहे हैं।



कलेक्टर कोचर ने कहा इस कार्य में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), उप–जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि मैं स्वयं तीन गांवों में जाकर मतदाताओं को अपने हाथों से फार्म वितरित कर आया हूं। ये फार्म मतदाताओं द्वारा भरकर हमें वापस दिए जाएंगे, जिसके बाद उनका संकलन किया जाएगा। यह प्रक्रिया 4 नवंबर से प्रारंभ होकर 4 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इसमें 27 अक्टूबर 2025 की स्थिति वाली मतदाता सूची को वर्ष 2003 की सूची से लिंक किया जाएगा।

कलेक्टर कोचर ने बताया यह कार्य 22 वर्षों में पहली बार किया जा रहा है। अंतिम बार यह प्रक्रिया वर्ष 2003 में संपन्न हुई थी। इस पुनरीक्षण के तहत यह जांच की जाएगी कि जो व्यक्ति 2025 में किसी क्षेत्र का मतदाता है, क्या वह 2003 में भी मतदाता था, और यदि हां, तो किस जिले या राज्य के मतदान केंद्र में उसका नाम दर्ज था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता का नाम 2003 और 2025 दोनों सूचियों में पाया जाता है, तो दोनों सूचियों को आपस में जोड़ा जाएगा, जिससे मतदाता की पहचान और पंजीकरण प्रक्रिया और अधिक सटीक व पारदर्शी बनेगी।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 जुआरी गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध जुआ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में दिनांक 03.11.25 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक दमोह को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में एस. एस. पटैल के घर के सामने रेड कार्यवाही कर 10 जुआरियो पर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही कर 393100/– रूपये नगद एवं 52 ताश पत्ते, 11 मोबाइल, 05 स्कूटी, 01 कार कुल कीमती 2318100/– रुपये का मशरूका जप्त किया गया उक्त जुआरिआनो 01. संजय उर्फ संजू पिता वेदप्रकाश चक्रवर्ती उम्र 57 साल निवासी गार्डलाईन दमोह, 02. राजू पिता शंकर लाल राय उम्र 35 साल निवासी गार्डलाईन दमोह,03. एफाज पिता स्व. बदरूध्दीन खान उम्र 41 साल निवासी पथरिया फाटक हटा रोड दमोह, 04. मनीष पिता एन.डी. अवस्थी उम्र 45 साल निवासी लोको दमोह, 05. मनीष पिता मूलचन्द्र जाटव उम्र 42 साल निवासी पथरिया फाटक दमोह, 06. अभिषेक पिता महेश सिह ठाकुर उम्र 39 साल निवासी समन्ना, 07. मोनू गोरी पिता महबूब गोरी उम्र 40 साल निवासी धरमपुरा दमोह, 08. महेन्द्र पिता रामस्वरूप मिश्रा उम्र 54 साल निवासी बादकपुर, 09. दीपचन्द्र पिता के. एल. अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी विवेकानंद दमोह, 10. एस.एस. पटैल पिता घनश्याम पटैल उम्र 60 साल निवासी मांगज वार्ड 4 दमोह के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 874/2025 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय कार्य निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक अभिषेक चौबे, महेश यादव, देवेन्द्र रैकवार, अजीत दुबे, आरक्षक नरेन्द्र, पटेरिया, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आयुष मिश्रा, कृष्णकांत व्यास।



# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**दमोह/हटा देशबन्धु।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र में हुए एक हत्या के मामले में, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सिराज अली की न्यायालय ने आरोपी को धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला बटियागढ़ थाना के अपराध क्रमांक 171/23 से संबंधित था, जो धारा 302 आईपीसी (हत्या) के तहत दर्ज किया गया था। यह प्रकरण न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 64/23 के रूप में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हुआ। न्यायालय ने समस्त साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विचार करते हुए, आरोपी गुड्डू पिता मूरत आदिवासी (उम्र 32 वर्ष), निवासी ग्राम जलना छोटी पथरिया, थाना बटियागढ़, जिला दमोह को दोषी पाया। माननीय न्यायालय सिराज अली एडीजे प्रथम, हट्टा, जिला दमोह ने आरोपी को सजा धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं अर्थदंडरू 1000 दंडित किया है।

# ग्रामीण रोजगार संस्थान में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की विशिष्ट उपस्थिति में ग्रामीण रोजगार संस्थान दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं हेमन्त कुमार प्रबंधक अग्रणी बैंक, सुधीर नामदेव, देवेन्द्र सोनी, अशोक सोनी एवं राजेन्द्र प्रसाद चौरसिया एसबीआई आरसेटी स्टॉफ सम्मिलित हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संविधान में महिलाओं के लिये निर्मित मूलभूत कानून के बारे में जानकारी दी, तथा विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओं की महत्ता को समझाया। आपने पुरूषों को यह सलाह दी कि वे स्त्री वर्ग से इस प्रकार का व्यवहार ना करें कि उन्हें कोर्ट जाने की आवश्यकता हो, क्योंकि स्त्रियों से ही यह संसार चल रहा है सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी कला तथा योग्यता का विकास करके अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढने की सलाह दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बच्चों को नि:शुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर, पाक्सो अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड, मोटरयान के संबंध में जानकारी दी।

## प्रथम पेज का शेष

**बिहार का भविष्य संवारने और....** पार्टियों को अगर मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को विकास की मुख्य धारा से दूर रखने वाले नेताओं को भी सबक सिखाना जरूरी है। डॉ. यादव ने कहा कि जब मैं आपके बीच आ रहा था, तो रास्ते खोद दिए गए थे। हेलीपैड खोद दिए गए थे, ताकि मैं आप सभी के बीच न पहुंच सकूं। लेकिन हमारा और आप सभी का बहुत पुराना संबध है। मैंने कहा कि जो मर्जी आए करो, मैं तो जनता के बीच जाने के लिए जान की बाजी लगाने को भी तैयार हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पटना जिले की बांकीपुर और मनेर विधानसभा में रोड शो कर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में वोट देने की अपील की। रोड शो वाले मार्ग पर सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में स्थानीय लोगों का जनसैलाब उमड़ा हुआ था। लोग पुष्पवर्षा कर रोड शो का भव्य स्वागत कर रहे थे। रोड शो मार्ग के दोनों तरफ बने मकानों, दुकानों में रहने वाले लोगों ने पुष्पवर्षा कर रोड शो का स्वागत किया है। डॉ. यादव ने दोनों रोड शो में एनडीए प्रत्याशी के ऐतिहासिक बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान डॉ. यादव ने बिहार की जनता एवं स्थानीय मतदाताओं पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। रोड शो में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर भी उपस्थित रहे।

**हवाई टिकट में गलती पर....** से राहत दिलाना है। इस महीने के अंत तक इस पर अंतिम फैसला आने की संभावना है। अगर यह नियम लागू हो गया तो हवाई यात्रियों के लिए यह एक बड़ा तोहफा साबित होगा। नए नियमों के लागू होने के बाद एयरलाइन कंपनियों को भी यात्रियों के प्रति अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। डीजीसीए के नए नियमों के अनुसार, यदि टिकट एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया है, तो यात्री बुकिंग के 24 घंटे के भीतर अपने नाम में हुई गलती बिना किसी शुल्क के सुधार सकते हैं। यह सुविधा खास तौर पर उन यात्रियों के लिए राहत भरी है, जिन्हें अब तक टाइपिंग या स्पेलिंग की छोटी गलतियों के कारण अतिरिक्त चार्ज या परेशानी झेलनी पड़ती थी। वहीं, अगर किसी यात्री को मेडिकल इमरजेंसी के कारण टिकट रद्द करना पड़ता है, तो एयरलाइन को रिफंड या क्रेडिट शेल का विकल्प देना होगा। नए मौसदे के मुताबिक, एयरलाइंस को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि टिकट कैंसिल होने के 21 वर्किंग डेज के भीतर यात्री को उसका रिफंड मिल जाए। यह नियम सभी तरह की बुकिंग पर लागू होगा–चाहे टिकट ऑनलाइन, ट्रैवल एजेंट के जरिए या एयरलाइन काउंटर से खरीदा गया हो। इस बदलाव से यात्रियों को रिफंड में देरी या पेंडिंग दिखाने जैसी दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा और पूरी प्रक्रिया पहले से ज्यादा पारदर्शी बनेगी। दरअसल, डीजीसीए के नए दिशानिर्देशों का मकसद यात्रियों और एयरलाइंस के बीच पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करना है। पिछले कुछ वर्षों में यात्रियों की ओर से रिफंड में देरी, कम रिफंड राशि और क्रेडिट शेल जैसी नीतियों को लेकर शिकायतें तेजी से बढ़ी थीं। इन समस्याओं को देखते हुए डीजीसीए ने यह कदम यात्रियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए उठाया है। नए नियमों के बाद यात्री न केवल समय पर रिफंड पाने को लेकर निश्चिंत रहेंगे, बल्कि टिकट बुकिंग में गलती होने पर भी उन्हें अतिरिक्त आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। डीजीसीए के नए ड्राफ्ट के मुताबिक, यात्रियों को अब 48 घंटे का लुक–इन ऑप्शन मिलेगा। यानी फ्लाइट टिकट बुक करने के बाद यदि किसी जानकारी में गलती रह जाए, तो यात्री 48 घंटे के भीतर बिना किसी शुल्क के टिकट कैंसिल या सुधार कर सकेंगे। हालांकि यह सुविधा तभी लागू होगी जब उड़ान की तारीख घरेलू फ्लाइट के लिए कम से कम 5 दिन बाद और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट के लिए 15 दिन बाद की हो। इससे यात्रियों को छोटी गलतियों के कारण होने वाले अतिरिक्त खर्च या पेनाल्टी से राहत मिलेगी।

# शिक्षक के विरोध में थाने पहुंचे ग्रामीण और छात्र-छात्राएं, लगाए गंभीर आरोप

- ग्राम अर्जनी प्राथमिक शाला का मामला

**सिलवानी/ बम्होरी, देशबन्धु।** ग्राम अर्जनी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर विद्यालय के बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस घटना से ग्रामवासियों एवं पालकों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार को शिक्षक अब्दुल लतीफ खान सुबह लगभग 11 बजे विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने जब नियमित रुप से पढ़ाई करवाने का आग्रह किया तो शिक्षक ने गाली–गलौज करते हुए तीन विद्यार्थियों के साथ मारपीट की और बच्चों को स्कूल से बाहर निकालकर स्कूल में ताला लगाकर वहां से चले गए। आक्रोशित ग्रामीणों एवं पालकों ने छात्र–छात्राओं के साथ ग्राम अर्जनी से तीन किलोमीटर रैली के माध्यम से पैदल चलकर शिक्षक के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बम्हौरी थाने पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से शिकायत कर आवेदन सौंपा। साथ ही नायब तहसीलदार को भी शिकायत की। कलेक्टर एवं एसपी के नाम भी शिकायती आवेदन दिया। जिसमें उक्त शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का व्यवहार बच्चों के मनोबल और शिक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम सेन ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि शिक्षक का ऐसा व्यवहार निंदनीय है। प्रशासन को तत्काल कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।




ग्रामवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे विद्यालय परिसर में धरना–प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त शिक्षक का व्यवहार पहले से ही असंवेदनशील एवं अनुशासनहीन रहा है। वे बिना सूचना दिए अनुपस्थित रहते और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। थाने पहुंची छात्राओं का कहना था कि शिक्षक अब्दुल लतीफ खान हमसे गाली गलौच कर कहते हैं कि हम तो केवल उर्दू पढ़ा सकते हैं।

## सार-समाचार

### एसआईआर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिये सभी पात्र नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने भारत निर्वाचन आयोग आपके घर आंगन में ही अपनी सेवायें देने जा रहा है। स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने इस बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सारिका ने बताया कि वे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। गीत, पपेट शो तथा अन्य रोचक तरीके से आयोजित कार्यक्रम में सारिका ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण या एसआईआर अभियान में मंगलवार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर की अवधि क्षेत्र के बीएलओ आपके घर पर पहुंचकर निर्धारित जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके लिये आप हाल का ही रंगीन फोटो तथा अपना पहचान पत्र, वोटर कार्ड आदि को तैयार रखें। इसमें जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। सारिका ने बताया कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने विशेष गहन पुनरीक्षण 21 वर्ष पहले किया गया था। 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा चुका है। अब यह पुनः किया जा रहा है।

### मनोरंजन करों की दर निर्धारण के लिए बैठक आयोजित



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम के राजस्व सभापति विनोद तिवारी की अध्यक्षता में एवं एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, अनूप उर्मिल की उपस्थिति में बाजार विभाग की बैठक आयोजित की गई जिसमें परिषद की निर्णय अनुसार मनोरंजन करो की दर निर्धारण करने के संबंध में लिये गये निर्णय अनुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजस्व सभापति विनोद तिवारी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी सिनेमाघरों, वाई-फाई कंपनी, केबिल आपरेटर की सूची वार्ड दरोगा एवं कर संग्राहकों से तैयार कर अगली बैठक में रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में बाजार विभाग प्रभारी आनंद मंगल गुरु, देवकुमार चौबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** जिले में फरार आरोपियों एवं स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार उइके एवं एसडीओपी बंडा प्रदीप वाल्मीकि के मार्गदर्शन में थाना बहरोल पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा थाना बहरोल के अपराध क्र. 91/2020, धारा 294, 323, 324 भादंवि में 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी एवं स्थाई गिरफ्तारी वारंटी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर टीम द्वारा आरोपी फूलसिंह पिता कल्याण सिंह लोधी 32 वर्ष, निवासी ग्राम राक्सी थाना बहरोल को उसके निवास स्थान से विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय बंडा में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उपजेल बंडा में दाखिल किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बहरोल उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह लोधी, नाथूराम दोहरे, राजेश पाण्डेय, प्रमोद बागरी, अनिल पटैल की भूमिका रही।

# जनसुनवाई में पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने पहुंचे जनपद सदस्य

## जेब कटने के मामले में सुनवाई नहीं होने से थे खफा, पुलिस ने रोका



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को सागर जनपद के वार्ड क्र.13 से जनपद सदस्य ने आत्मदाह करने के लिये पेट्रोल लेकर पहुंचे। मामले की भनक लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें पकड़ लिया। बैग की तलाशी ली तो उसमें पेट्रोल से भरी हुई बोतल मिली। जिस पर पुलिस ने पेट्रोल जब्त किया। पुलिस उन्हें अपनी बाइक पर बैठाकर गोपालगंज थाने ले गई। जनपद सदस्य पति फदाली अहिरवार निवासी पामाखेड़ी ने बताया कि 23 अप्रैल की रात करीब 10 बजे राजाराम शर्मा ने जेब में रखे 5 हजार रुपये छीन लिये, गालीगलौज की। मामले में 24 अप्रैल को सानौधा थाने पहुंचकर शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद एसपी, आईजी और डीजीपी तक शिकायती आवेदन दिया, मगर कार्यवाही नहीं हो रही है। जिसको लेकर मैं परेशान हूं। सभी अधिकारियों से शिकायत कर चुका हूं। परेशान होकर मंगलवार को जनसुनवाई में पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने के लिये पहुंचा था। मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम अमन मिश्रा मौके पर पहुंचे और फदाली अहिरवार की शिकायत सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदन पहुंचकर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

### जनसुनवाई में हुई 159 आवेदनों पर कार्रवाई



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को 159 आम लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पहली बार बनारस की तर्ज पर मनाई जाएगी देव दीपावली

- एक लाख से अधिक दीपों की जगमगाहट से चमकेगी झील
- सांस्कृतिक कार्यक्रम, गंगा आरती और आतिशबाजी होंगे आकर्षण का केंद्र



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा इस वर्ष पहली बार बनारस की तर्ज पर देव दीपावली का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 5 नवंबर बुधवार की शाम तीन मढ़िया स्थित स्वच्छता नायक चौक पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ देव दीपावली उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद लाखा बंजारा झील के चकराघाट से गणेशघाट तक लगभग 500 मीटर लंबे घाट पर एक साथ 1 लाख 11 हजार 111 दीपक प्रज्वलित किये जायेंगे, जिससे झील क्षेत्र दीपों की अद्भुत जगमगाहट से नहायेगा। निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य झील से नागरिकों के सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करना है। निगम प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों की सहभागिता से यह आयोजन शहर की नई पहचान बनेगा। निगमायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी अपने घरों से दीपक लेकर आयें और इस आयोजन को जनभागीदारी का उत्सव बनायें। देव दीपावली के इस आयोजन में गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आकर्षक विद्युत सज्जा और आतिशबाजी विशेष आकर्षण रहेंगे। झील किनारे की साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और दीप श्रंखला की तैयारियों का निगमायुक्त ने स्वयं चकराघाट पहुंचकर निरीक्षण किया तथा निगम कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बताया कि इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में सागर ने देशभर में 10वीं रैंक हासिल की है, जिसमें झील के सौंदर्यीकरण और नागरिकों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। देव दीपावली जैसे आयोजन न केवल सागर की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देंगे, बल्कि शहर को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर भी स्थापित करेंगे। आयोजन में नगर निगम के साथ शहर की अनेक समाजसेवी संस्थायें, ऑटो यूनियन, विचार संस्था, राष्ट्रीय हिंदू परिषद, सर्व ब्राह्मण समाज, महाकाल संगठन और अन्य समितियां सक्रिय भागीदारी निभायेगी।

### बिजली केबल डालने जा रहे किसान पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी फरार

**सागर, देशबन्धु।** ग्राम पड़रई बुजुर्ग में खेत में बिजली केबल डालने जा रहे एक किसान पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया है। सरकारी रास्ते से जाने की बात को लेकर यह विवाद शुरू हुआ था। किसान की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है और आरोपी मौके से फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार फरियादी विनोद पिता विश्वनाथ यादव निवासी पड़रई बुजुर्ग ने सोमवार शाम थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि बालाजी हनुमान मंदिर के पास ट्रांसफार्मर लगा है। वह वहां से अपने खेत में बिजली केबल डालने के लिये लकड़ी के डंडे लेने के लिये सरकारी रास्ते से जा रहे थे। वही पर गांव का रामाकांत चढ़ार खड़ा था। रामाकांत चढ़ार ने उन्हें रोकते हुये कहा कि मेरे खेत की मेड़ से क्यों जा रहे हो। इस पर विनोद यादव ने कहा कि वह तो सरकारी रास्ते से जा रहे हैं। इसी बात को लेकर रामाकांत ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब विनोद ने गालियां देने से मना किया, तो रामाकांत चढ़ार ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी विनोद के कंधे पर लगी। जब आरोपी दूसरा वार करने लगा तो विनोद ने कुल्हाड़ी पकड़ ली। घटना देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रामाकांत जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। विनोद को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवरी पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली पेंशनर्स सम्मेलन 15 दिसम्बर को रवीन्द्र भवन में



**सागर, देशबन्धु।** मप्र राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सागर क्षेत्र के तत्वावधान में 15 दिसम्बर को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन रवीन्द्र भवन सभागार में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक शैलेन्द्र जैन होगे। एसोसिएशन के सचिव रामलखन श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन में सागर संभाग के साथ-साथ प्रदेश के अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में बिजली पेंशनर्स और प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। आयोजन समन्वयक महाराज सिंह राजपूत ने जानकारी दी कि सम्मेलन में परंपरानुसार 75 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके पेंशनर्स का सम्मान किया जायेगा। सम्मेलन का मुख्य विषय सुरक्षित पेंशन भविष्य रहेगा। आयोजन समिति के सदस्यों राजीव श्रीवास्तव, डीएस राजपूत, आरएस खरे, धनराज पटैल, अनिल गुप्ता, जेपी शर्मा और जीएस पाठक ने बताया कि बिजली पेंशनर्स उत्तर प्रदेश की तरह राज्य कोषालय के माध्यम से पेंशन भुगतान की व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में पेंशन फंड की अनिश्चितता समाप्त हो सके। एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि पूर्व विद्युत मंडल के कर्मचारियों को मप्र सिविल सर्विसेज पेंशन रूल्स, 1976 के अनुसार पेंशन प्राप्त हो रही है, किंतु कंपनीकरण और भावी निजीकरण के बाद इसकी स्थायित्व व्यवस्था गंभीर चिंता का विषय बन गई है। उन्होंने राज्य सरकार से पेंशन व्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### अपहृत 2 नाबालिग बालक-बालिका को प्रदेश और जिले के बाहर से किया दस्तयाब

**सागर, देशबन्धु।** जिले में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत गुम/अपहृत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी मोतीनगर निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना स्तर पर एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा अपहृत बच्चों की तलाश हेतु सतत प्रयास, सूचना संकलन एवं तकनीकी विश्लेषण किया गया। उक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप अपहृत नाबालिग बालक 16 वर्ष 4 माह को जिला रायसेन से दस्तयाब किया गया। वही अपहृत नाबालिग बालिका 16 वर्ष, को चौकी पचारा थाना ट्रोनिका सिटी, नवादा, जनपद गाजियाबाद उप्र से सफलतापूर्वक दस्तयाब किया। दस्तयाबी उपरांत दोनों अपहृत-अपहृता के संबंध में आवश्यक विधिक एवं परामर्श संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोतीनगर, सेलेवेस्टर पन्ना, माधव सिंह, नदीम शेख, चंदन बिल्थरे, महिला आरक्षक प्रियंका की भूमिका रही।

## तेवरा गांव में करंट से युवक की मौत



**खुरई, देशबन्धु।** तेवरा गांव के पास सोमवार रात बिजली लाइन सुधारते समय एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर शव को परसा तिराहे पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। यह हादसा खुरई के तेवरा-तलापार मार्ग पर हुआ। तलापार निवासी रामसिंह कुशवाहा लगभग 35 वर्ष बिजली विभाग के कार्य में मजदूरी कर रहे थे। बताया गया कि लाइनमैन के कहने पर वे खंभे पर चढ़कर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे, तभी अचानक बिजली सप्लाई चालू हो गई। करंट की चपेट में आने से रामसिंह खंभे से नीचे गिर गये और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। साथी कर्मचारियों ने उन्हें आनन फानन में खुरई अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन और ग्रामीण शव लेकर परसा तिराहे पर पहुंचे और सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लगभग दो घंटे तक रास्ता बंद रहा। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह हादसा बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण हुआ। मृतक को बिना सुरक्षा उपकरणों के खंभे पर चढ़ाया गया और काम पूरा होने से पहले ही लाइन चालू कर दी गई। गुस्सायें परिजनों ने दोषी लाइनमैन पर कार्यवाही, उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। सूचना मिलते ही तहसीलदार राकेश कुमार और थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों ने विभागीय अधिकारियों को बुलाने की मांग की, जिसके बाद विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता डीई प्रभात साहू भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक परिवार को 50,000 की तत्काल आर्थिक सहायता और जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने जाम समाप्त किया और आवागमन सामान्य हो सका।

## सनातन सदभाव संगठन भारत ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** सनातन सद्भाव संगठन भारत के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसे अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने लिया। ज्ञापन में बताया कजलीवन मैदान के पास मंदिर में वाशिद उर्फ नाशिद मकरानी नामक युवक ने खुलेआम शिवलिंग एवं मंदिर में तोड़फोड़ कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की सोची समझी साजिश की है। यह आरोपी मंदिर के बाजू में अंडा की दुकान लगाता है एवं मांस की अन्य दुकाने भी स्थित है। सगंठन ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस आरोपी के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जांच एवं सागर के सभी मंदिरों के पास से मांसाहारी दुकाने बंद करायी जाये जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो। ज्ञापन देने वालों में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सेन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एड. महेंद्र सिंह कौरव, सचिव संतोष राय, सेन समाज के प्रांत अध्यक्ष राजेश्वर सेन, एड. करन जैन, एड. गिरीशकान्त तिवारी, एड. शैलेन्द्र सोनी, एड. विश्वभूषण रावत, जिलाध्यक्ष रीतेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई से गुम मोटरसाइकिल बरामद



**सागर, देशबन्धु।** 4 नवम्बर को समय लगभग 12.30 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने से एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल क्र. एमपी 15 के 3099 गुम होने की सूचना चौकी जरूआखेड़ा पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा तत्काल क्षेत्र में तलाश एवं सीसीटीवी फुटेज व आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ कर त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही की गई। पुलिस की सक्रियता के परिणाम स्वरूप गुम हुई मोटरसाइकिल को कुछ ही समय में हाईस्कूल के पास से बरामद कर लिया गया। संभवतया मोटर साइकिल उठाने वाले असामाजिक तत्व द्वारा पुलिस की सक्रियता को भांप लिया था इसलिये मोटर साइकिल को छोड़ कर भाग गया। बरामद मोटरसाइकिल को इसके चालक मलखान पिता शेर सिंह यादव 62 वर्ष निवासी ग्राम गुनगचा, थाना नरयावली के समक्ष विधिवत् सुपुर्द किया। वाहन मालिक द्वारा चौकी जरूआखेड़ा पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही की प्रशंसा करते हुये धन्यवाद व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक अनिल कुजूर, आशीष, राम किशोर मिश्रा का योगदान रहा।

## विधिक सेवा सप्ताह में नागरिकों को कानूनी सेवाओं, योजनाओं और अधिकारों की जानकारी प्रदान करें: एमके शर्मा



**सागर, देशबन्धु।** नागरिकों को न्याय तक समान पहुंच और विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन 9 से 15 नवंबर तक किया जायेगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा ने की। श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि विधिक सेवा सप्ताह का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को कानूनी सेवाओं, योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने सभी विभागों और विधिक संस्थाओं से आग्रह किया कि सप्ताह के कार्यक्रमों को अधिकाधिक जनभागीदारी और प्रभावी संवाद के साथ आयोजित किया जाये। सप्ताह भर होगे कार्यक्रम जिसमे 9 नवंबर को न्यायोत्सव की शुरुआत जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन दौड़ से होगी। पोस्टर मेकिंग, फोटोग्राफी और लघु नाटक जैसी गतिविधियां होगी। 10 नवंबर को जेलों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित होगा। 11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस पर स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता सत्र आयोजित किये जायेंगे। 12 नवंबर को ग्रामीण एवं श्रमिक क्षेत्रों में जागरूकता शिविर होंगे। 13 नवंबर को बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जायेगा। 14 नवंबर को बाल दिवस विशेष शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 नवंबर को समापन दिवस पर बाइक, साइकिल रैली आयोजित की जायेगी, जिसमें पैरालीगल वालंटियर्स, लीगल एड काउंसिल्स, एनजीओ और अधिवक्ता भाग लेंगे। इसका उद्देश्य कानूनी सेवाओं और योजनाओं के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना रहेगा। प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एमके शर्मा ने कहा कि विधिक सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय, समानता और कानूनी सहायता पहुंचाना है। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि इस सप्ताह को जनभागीदारी, जागरूकता और न्याय तक पहुंच का उत्सव बनाया जाये। बैठक में जिला न्यायाधीश समरेश सिंह, सुधांशु सक्सेना, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा बंसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतम बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी मिथिलेश डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महिला और पुरुष कुश्ती दंगल के चयन आज

**सागर, देशबन्धु।** भारतीय शैली कुश्ती महासंघ भारत एवं भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र के तत्वाधान में महाराष्ट्र के सतारा में देश का सबसे बड़ा कुश्ती दंगल 52 वां हिन्द केसरी आयोजित होने जा रहा है जिसमे मप्र की टीम भी शिरकत करेगी। इसी तत्वाधान में मप्र की कुश्ती टीम की चयन प्रक्रिया सागर स्थित छत्रसाल अखाड़ा में रखी गई है जिसमें इंदौर, कटनी, हरदा, रतलाम, उज्जैन, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सीहोर, जबलपुर एवं मेजबान सागर के पहलवान भाग लेगे। इंदौर की ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की बालिकायें भी भाग लेगी। उक्त जानकारी भारतीय शैली कुश्ती संघ सागर के जिलाध्यक्ष कौशल सोनी ने दी।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।